सभी प्रदेशवासियों को
हिन्दी दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 164/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 10 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित

देश की ऊंची शान करें, हिन्दी का सम्मान करें

dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## सांवलिया सेठ का खुला खजाना, 23 करोड़ 12 लाख रुपए, 1 किलो 40 ग्राम सोना और 46 किलो चांदी, चिल्लर की गिनती अभी बाकी!



**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के तीर्थ स्थल श्री सांवलिया सेठ के भंडार की गिनती के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। यहां खजाने को खोलने के बाद करोड़ों रुपए नकद तथा किलो से सोना-चांदी निकले हैं वहीं खजाने से निकली चिल्लर, मनीआर्डर, चेक और ऑनलाइन जमा राशि की गिनती की जाना अभी बाकी हैं। बता दें कि श्री सांवलिया सेठ मंदिर न केवल मेवाड़ बल्कि पूरे देश में श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र हैं, मंदिर के भंडार से निकली बड़ी राशि इस बात का प्रमाण हैं कि श्रद्धालु यहां दान में उदारता दिखाते हैं। हर वर्ष यहां करोड़ों रुपए और बड़ी मात्रा में सोने-चांदी की भेंट चढ़ाई जाती हैं। मेवाड़ के आराध्य देव श्री सांवलिया सेठ मंदिर में बुधवार को चौथे राउंड की गिनती पूरी हुई थी इस दौरान 4 करोड़ 85 लाख 15 हजार रुपए की गिनती की गई थी, बीते 29 दिसंबर को भंडार खुलने के बाद से अब तक कुल 23 करोड़ 12 लाख 84 हजार 140 हजार रुपए की राशि गिनी जा चुकी हैं।

बुधवार को सुबह 11 बजे राजभोग आरती के बाद दानपात्र से निकली राशि की गिनती शुरू हुई थी जो शाम तक चली थी इस दौरान 4 करोड़ 85 लाख 15 हजार रुपए की गिनती की गई थी। सोमवार को दूसरे राउंड में 4 करोड़ 76 लाख 69 हजार और मंगलवार को तीसरे राउंड में 4 करोड़ 68 लाख 10 हजार रुपये की गिनती हुई थी। श्री सांवलिया सेठ मंदिर मेवाड़ के साथ-साथ पूरे देश में श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है. भंडार से निकली बड़ी राशि इस बात का प्रमाण है कि श्रद्धालु यहां दान में उदारता दिखाते हैं। हर वर्ष यहां करोड़ों रुपए और बड़ी मात्रा में सोने-चांदी की भेंट चढ़ाई जाती है।

### दान के रुपए से सामाजिक कल्याण का होगा काम

मंदिर समिति के अनुसार, सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी तरीके से की जाती हैं! गिनती में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाते हैं। श्रद्धालुओं के योगदान से प्राप्त इस राशि का उपयोग मंदिर के विकास कार्यों और सामाजिक कल्याण के प्रोजेक्ट्स में किया जाएगा। श्री सांवलिया सेठ का यह भंडार श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का अद्भुत प्रमाण है।

## पीथमपुर के दुनिया के 5वे सबसे बड़े हाई स्पीड व्हीकल टेस्टिंग ट्रैक नेट्रेक्स पर गडकरी 200 किमी स्पीड से चलने वाली कार में सफर किया



**पीथमपुर।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार 9 जनवरी को धार के पीथमपुर की अपनी यात्रा के दौरान नेट्रैक्स का अवलोकन किया। नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स (नेट्रैक्स) भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार की एक इकाई है। नेट्रैक्स एशिया का सबसे लंबा और दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा हाई स्पीड व्हीकल टेस्टिंग ट्रैक है। यह ओवल-शेप्ड है और चार फ्री लेन के साथ 16 मीटर चौड़ा है। इस दौरान गडकरी ने 200 किमी की गति से चलने वाली गाड़ी में सफर भी किया। उन्होंने कई सुझाव भी दिए।

नेट्रैक्स के निदेशक डॉ मनीष जायसवाल ने नितिन गडकरी का स्वागत किया और नेट्रैक्स केंद्र को मिल रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में बताया। गडकरी को नेट्रैक्स में एशिया के सबसे लंबे हाई-स्पीड ट्रैक का शानदार अनुभव मिला। उन्होंने भारत में अपनी तरह की पहली नेट्रैक्स क्रैश बैरियर परीक्षण सुविधा का भी निरीक्षण किया और 120वें क्रैश बैरियर का लाइव परीक्षण देखा। उन्होंने वाहन परीक्षण के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं के लिए नेट्रैक्स की सराहना की और इसके व्यापक उपयोग को बढ़ाने और पहाड़ी इलाकों के लिए इसे विकसित करने के लिए कम लागत वाले क्रैश बैरियर विकसित करने जैसी कोई बात नहीं की।

उन्होंने हाइड्रोजन, सीएनजी, जैव ईंधन जैसे नए युग के ईंधन के लिए नेट्रैक्स में सुविधाएं बढ़ाने की सिफारिश भी की। साथ ही ई-रिक्शा परीक्षण के लिए सुरक्षा में सुधार पर भी काम करने को कहा। उन्होंने जल संरक्षण, पटरियों के लिए बायो-बिटुमिनस के उपयोग और कार्बन कटौती और इंजीनियरिंग अनुप्रयोग के लिए बांस के वृक्षारोपण के प्रसार के बारे में भी कहा। उन्होंने नेट्रैक्स को सलाह दी कि वह कैसी नई सुविधाएं विकसित कर सकता है, ताकि वह दुनिया के विभिन्न हिस्सों से परीक्षण को आकर्षित कर सके। नितिन गडकरी ने दुनिया के पहले बांस क्रैश बैरियर परीक्षण में नेट्रैक्स द्वारा किए गए काम की सराहना की, जो महाराष्ट्र में स्थापित किया गया है।

## 14 पाकिस्तानी परमाणु वैज्ञानिकों का अपहरण, टीटीपी के आतंकवादियों ने घटना को अंजाम दिया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में एक नया सुरक्षा संकट उत्पन्न हुआ है, जब तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने 14 पाकिस्तानी परमाणु वैज्ञानिकों का अपहरण कर लिया। इस घटना के बाद पाकिस्तान की सरकार और सेना दोनों ने तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।



यह घटना पाकिस्तान के अफगान सीमा के पास स्थित एक सीमावर्ती क्षेत्र में हुई। टीटीपीआतंकवादियों ने एक सुनियोजित हमले के तहत इन वैज्ञानिकों का अपहरण किया। ये वैज्ञानिक पाकिस्तान के परमाणु अनुसंधान और विकास कार्यक्रम से जुड़े थे, और उनके अपहरण से पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियां गंभीर चिंता में हैं। विशेषज्ञों और सुरक्षा विश्लेषकों के अनुसार, इस घटना ने पाकिस्तान के परमाणु सुरक्षा पर बड़ा खतरा खड़ा कर दिया है। कई देशों ने पाकिस्तान से अपने परमाणु कार्यक्रम की सुरक्षा को सख्त बनाने और आतंकवादियों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने की सलाह दी है। इस घटना को लेकर संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी चिंता व्यक्त की है और पाकिस्तान से अपहरणकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं वन राज्यमंत्री दिलीप परिहार, एसीएस अशोक वर्णवाल की उपस्थिति में वानिकी सम्मेलन एवं आईएफएस मीट का शुभारंभ हुआ।

# मुख्यमंत्री ने 362 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए



### अधिकारी मतलब अधिक कार्य करने वाला: मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नए अधिकारियों को संदेश दिया है कि अधिकारी का मतलब अधिक कार्य करने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा- हम सभी को यह ध्यान रखना होगा कि हमारे मन में अहंकार न हो। एक अधिकारी का काम सेवा भाव से जनता के हित में काम करना है।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविंद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में 362 नव चयनित शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसमें किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग के 256 कृषि विस्तार अधिकारी, पशुपालन और डेयरी विभाग के 70 सहायक पशु चिकित्सक, और राजस्व विभाग के 36 नायब तहसीलदार शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा-अब वह समय गया जब एग्रीकल्चर की पढ़ाई के लिए केवल कृषि महाविद्यालय अनिवार्य था। अब प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में बीएससी एग्रीकल्चर कोर्स पढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विटनरी के मामले में भी राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। विश्वविद्यालयों को मेडिकल कॉलेज खोलने की अनुमति दी गई है।

**गौपालन और किसान कल्याण पर जोर**- सीएम यादव ने गौपालन को प्रोत्साहित करने की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, हम किसानों की आय बढ़ाना चाहते हैं। गौमाता का दूध किसानों के लिए रोज पैसे लाने का माध्यम बन सकता है। जो किसान 10 गाय पालेंगे, उन्हें अनुदान दिया जाएगा। यह योजना प्रदेश में गौपालन को बढ़ावा देगी।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में सड़कों पर लावारिस गौवंश नहीं घूमेंगे। नगरों में मौजूद अपाहिज और लावारिस गायों को गौशालाओं में ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा, गौपालन केवल दूध उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे प्रदेश के विकास में सहायक हो सकता है।



### नायब तहसीलदार से नायाब बनने की उम्मीद

सीएम ने नए अधिकारियों को संदेश दिया, नायब तहसीलदार केवल नायब नहीं, बल्कि नायाब बनें। प्रदेश की सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और जनता के विश्वास को बनाए रखें। आज नियुक्ति पाने वाले अधिकारी अपने काम से सेवा की नई इबारत लिखें।

### राजस्व विभाग के नए आयाम

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा-एमपी देश का ऐसा राज्य है, जहां नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन का काम तेजी से हो रहा है। उन्होंने साइबर तहसील की पहल का जिक्र करते हुए बताया कि इससे किसानों को पटवारियों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। वर्मा ने कहा, फौती नामांतरण के मामले में अगर 30 दिन से ज्यादा समय लगता है तो संबंधित पटवारी पर कार्रवाई होगी। जो लोग नई नियुक्ति पा रहे हैं, वे यह सुनिश्चित करें कि वे ईमानदारी और समयबद्धता से काम करें।

### कृषि मंत्री ने की बड़ी घोषणाएं

किसान कल्याण और कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना ने घोषणा की कि अब ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को कृषि विस्तार अधिकारी के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने सीएम की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा किसानों और युवाओं की खुशहाली के लिए काम करते हैं।

## दिल्ली चुनाव पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई। मीटिंग के लिए नड्डा के घर पर गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे। मीटिंग के बाद भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा- मीटिंग में हमें जेपी नड्डा और अमित शाह से संगठन को लेकर जरूरी निर्देश मिले।



जानकारी के मुताबिक, मीटिंग में दिल्ली विधानसभा चुनाव के कैंडिजेट को लेकर चर्चा हुई। पार्टी करीब 30 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जल्द जारी कर सकती है। इसमें पूर्व सांसद मीनाक्षी लेखी को भी उम्मीदवार बनाया जा सकता है। इसके अलावा पार्टी कालकाजी से भी अपना उम्मीदवार बदल सकती है। पार्टी ने रमेश बिधूड़ी को यहां से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ टिकट दिया था, लेकिन उनके विवादित बयानों के कारण पार्टी कैंडिडेट बदलने का फैसला ले सकती है।

## महू में रैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की बैठक, अनुशासन पर जोर



**भोपाल।** 26 जनवरी को महू में कांग्रेस जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली करने जा रही है। इस रैली की तैयारियों को लेकर आज भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठक शुरू हो गई है। बैठक में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि कोई संगठन बिना अनुशासन के तरक्की नहीं कर सकता। इस भावना से बाहर निकलना पड़ेगा कि मुझे टिकट नहीं मिलेगा तो मैं निर्दलीय लड़ जाऊंगा। बीजेपी में कितनी सिर फुटौव्वल चल रही है।

पटवारी ने कहा अमित शाह ने संसद में बाबासाहेब को लेकर जो कहा वो बीजेपी की सोच को बताता है। उन्होंने कहा कि हम जातिगत जनगणना कराने के लिए लड़ाई तेज करेंगे। जातिगत जनगणना से कट्टरता के खिलाफ लड़ाई मजबूत होगी। हमारी लड़ाई गोडसे वाली विचारधारा से है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस प्रबंध समिति की बैठक चल रही है। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी मध्यप्रदेश जितेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, सीडब्ल्यूसी मेंबर कमलेश्वर पटेल, कांतिलाल भूरिया, अजय सिंह राहुल भैया, सज्जन सिंह वर्मा, बाला बच्चन, कुणाल चौधरी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह प्रभारी संजय दत्त, आनंद चौधरी, रणविजय सिंह, चंदन यादव, प्रदेश कांग्रेस मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद हैं।

## भाजपा का केजरीवाल के घर तक पूर्वांचल सम्मान मार्च कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड तोड़े, पुलिस ने वाटर कैनन चलाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ विरोध मार्च निकाल रहे हैं। यह मार्च अशोक रोड से केजरीवाल के घर तक निकाला जा रहा है। भाजपा ने इसे पूर्वांचल सम्मान मार्च नाम दिया है। सांसद मनोज तिवारी इसे लीड कर रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन के दौरान बैनर पोस्टर लेकर आए हैं। जिनमें लिखा है- केजरीवाल पूर्वांचल विरोधी। केजरीवाल ने पूर्वांचलियों को फर्जी वोटर बताया, माफी मांगें। हालांकि केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग की गई थी।

## चंदनपुरा में अचानक कार के सामने आया बाघ; पेड़ से जा टकराई स्कॉर्पियो

**भोपाल।** भोपाल के चंदनपुरा में टाइगर ने एक गाय का शिकार किया है।



इससे पहले दो टाइगर एक कार (स्कॉर्पियो) के सामने अचानक आ गए। जिससे ड्राइवर संतुलन खो बैठा और कार पेड़ से टकरा गई। बाघ के मूवमेंट और गाय के शिकार के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घटना के बाद से लोग में दहशत है। कार के पेड़ से टकराने का मामला शुक्रवार सुबह का है। जागरण लेक सिटी के पास सड़क पर टाइगर का मूवमेंट रहा।

## 17 राज्यों में घना कोहरा, 120 फ्लाइट लेट

**नई दिल्ली।** देश में तेज सर्दी के साथ-साथ घना कोहरा भी देखने को मिल रहा है। शुक्रवार सुबह एमपी और यूपी समेत 17 राज्यों में घने कोहरा देखने को मिला। इस कारण कई राज्यों में विजिबिलिटी घटकर जीरो हो गई। दिल्ली में धुंध के कारण 120 फ्लाइट लेट हुईं। 4 उड़ानों को कैंसिल करना पड़ा। वहीं, कई ट्रेनें भी दिल्ली स्टेशन पर निर्धारित समय से लेट पहुंचीं। उत्तरी रेलवे ने बताया की अब तक 26 ट्रेनें लेट हैं। यूपी के सभी 75 जिलों में कोहरे छाया हुआ है। नोएडा में विजिबिलिटी जीरो रिकॉर्ड की गई। आगरा में ताजमहल 20 मीटर की दूरी से दिखाई नहीं दे रहा था।



## डल्लेवाल बोले- मोदी से कहिए मांगें मानें, अनशन छोड़ दूंगा

**नई दिल्ली।** हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर 46 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इसके साथ ही कोर्ट में शंभू बॉर्डर खोलने के खिलाफ दायर याचिका पर भी सुनवाई होगी। 6 जनवरी की सुनवाई में पंजाब सरकार ने डल्लेवाल के बातचीत के लिए राजी होने की बात कही थी। जिसके बाद कोर्ट की कमेटी उनसे मिल चुकी है।



# अयोध्या बायपास 10 लेन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए: मंत्री कृष्णा गौर



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि, भोपाल शहर की एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा अयोध्या बायपास से करोंद होते हुए एयरपोर्ट रोड बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए अयोध्या बायपास 10 लेन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मंत्रालय में एनएचएआई के अधिकारियों और कलेक्टर भोपाल की मौजूदगी में प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि रत्नागिरी से आसाराम तिराहे तक 16 किलोमीटर लंबे मौजूदा 4 लेन अयोध्या बायपास को 10 लेन किया जाएगा। इसके निर्माण कार्य की शुरुआत 20 जनवरी से हो जाएगी। मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि सड़क के चौड़ीकरण कार्य में अतिक्रमण हटाने के पहले चरण में पानी और बिजली लाइन की शिफ्टिंग का कार्य किया जाएग। उन्होंने बताया कि 16 किलोमीटर की सड़क में 5.5 किलोमीटर में तीन बड़े एलिवेटर बनाए जाएंगे। यह फ्लाई ओवर करोंद चौराहे, पीपुल्स मॉल और मीनाल रेजिडेंसी के पास बनेंगे। ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए 18 अंडर पास भी बनाए जाएंगे। मंत्री श्रीमती गौर ने निर्देश दिए कि रत्नागिरी में मेट्रो लाइन आ रही है, इसलिए रोड का निर्माण कार्य इस बात को ध्यान में रखकर किया जाए, जिससे भविष्य में किसी तरह की परेशानी न हो। यह रोड भोपाल रायसेन एनएच-23 और भोपाल विदिशा एनएच से जुड़ेगा। इससे लगभग 20 लाख की आबादी को सीधा लाभ होगा। रत्नागिरी चौराहे से एयरपोर्ट जाने में अभी 50 मिनट लगते हैं, 10 लेन इस सड़क के बनने से यह सफर करीब 25 मिनट में पूरा होगा। केंद्र सरकार के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रोजेक्ट के तहत इसकी प्लानिंग की। उन्होंने बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए 836 करोड रुपए स्वीकृत हुए हैं।

## कथा से आज की पीढ़ी को भगवान की भक्ति, धर्म और संस्कृति से जोड़ना है: कृष्णा गौर



राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, गोविंदपुरा विधानसभा विधायक, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा गौर ने वार्ड 73 शिव नगर कालोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन व्यास गादी का पूजन कर कथा वाचक आचार्य विष्णुकांत तिवारी का किया सम्मान। कृष्णा गौर ने कहा हिंदू समाज के सभी पंथ के लोगों को श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से आज की पीढ़ी को भगवान की भक्ति, धर्म तथा संस्कृति से जोड़ने का उत्तम मार्ग है। उन्होंने कथा आयोजन समिति के संदीप पंडा, श्याम भाई तथा सभी सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर भानपुर मंडल अध्यक्ष निलेश गौर, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, वार्ड 72 के पार्षद, जोन 16 के अध्यक्ष विकास पटेल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बालिस्ता रावत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल कुचबंदिया, गायत्री गायकवाड़, पूनम प्रजापति, दिव्या पटेल, विशाल साहू, विजय गौतम, बीएस मरमट, शिवदयाल मैथिल, बलराम रजक, कैलाश सोनी, शुभम कोरी, राजकुमारी परिहार आदि मौजूद रहे।

# अवैध प्लॉटिंग की सूचना पर मंत्री सारंग ने किया करोंद क्षेत्र का निरीक्षण



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा क्षेत्र में अवैध कब्जों और प्लॉटिंग की सूचना मिलने पर गुरूवार को क्षेत्र का दौरा किया। मंत्री श्री सारंग ने करोंद, पलासी, बड़वाई और रसुल्ली क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भू-माफियाओं द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी।जिसे उन्होंने तत्काल रूकवाया। श्री सारंग ने मौके पर मौजूद अधिकारियों के समक्ष नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसे मामलों पर तुरंत और कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भू-माफिया में मची अफरा-तफरी

निरीक्षण के दौरान भू-माफियाओं में अफरा-तफरी मच गई। मंत्री श्री सारंग को आते देख एक वाहन में सवार संदिग्ध लोग अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन को कब्जे में ले लिया। उन्होंने अधिकारियों को अवैध प्लॉटिंग और कब्जों के खिलाफ प्राइवेट लैंड एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-माफियाओं पर कड़ी नजर रखने और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाने की बात कही।

### जिम्मेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई

मंत्री सारंग ने जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या मिलीभगत पाए जाने पर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि नगर निगम और राजस्व को विगत कई दिनों से इस मामले में शिकायत की गई थी। जिस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं गई थी।

# राहुल लोधी का विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 के लिए चयन

### दिल्ली में देंगे विकास भी विरासत भी पर प्रस्तुति

**भोपाल।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के वॉलंटियर राहुल लोधी का चयन विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 के लिए हुआ है। यह कार्यक्रम 11 और 12 जनवरी 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। राहुल लोधी इस कार्यक्रम में विकास भी विरासत भी विषय पर अपनी प्रस्तुति देंगे।

इस विषय के तहत वे यह दिखाएंगे कि कैसे भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिकता और विकास के साथ संतुलन बनाया जा सकता है।राहुल लोधी का चयन कई चरणों की कठिन प्रक्रिया के बाद हुआ। इस चयन प्रक्रिया में सबसे पहले एक क्विज़ टेस्ट आयोजित किया गया था, जिसमें सफल प्रतिभागियों को अगले चरण में पहुंचने का अवसर मिला। दूसरे चरण में प्रतिभागियों को अपने विषय पर निबंध अपलोड करना था। निबंध के आधार पर चयनित प्रतिभागियों को पीपीटी प्रेजेंटेशन देने का मौका दिया गया। इस प्रेजेंटेशन के दौरान जिन छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, उन्हें राष्ट्रीय स्तर के लिए चुना गया। राहुल लोधी ने इस पूरी प्रक्रिया में अपनी कड़ी मेहनत और श्रेष्ठ प्रदर्शन से सफलता हासिल की। अब, राष्ट्रीय स्तर पर अपने विषय में विजेता बनने के बाद, उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद करने का अवसर मिलेगा। %विकास भी विरासत भी% विषय का उद्देश्य भारत की प्राचीन विरासत और आधुनिक विकास के बीच संतुलन स्थापित करना है।

यह विषय इस बात पर केंद्रित है कि कैसे भारत अपनी सांस्कृतिक धरोहरों, परंपराओं और ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित रखते हुए, तकनीकी प्रगति, नवाचार और बुनियादी ढांचे के विकास में आगे बढ़ सकता है। राहुल लोधी इस विषय पर अपने विचार साझा करेंगे, जिसमें वे बताएंगे कि कैसे समाज में जागरूकता और नीतियों के जरिए विरासत और विकास का संगम बनाया जा सकता है।

मध्य प्रदेश से 45 प्रतिभागियों में से राहुल लोधी का चयन उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति और समाज सेवा के प्रति समर्पण के कारण हुआ है।

# मैं भी बाघ और हम हैं बदलाव थीम पर वन विहार में हुआ अनुभूति कार्यक्रम



भोपाल। वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को वन, वन्य-प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी गयी। मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से मैं भी बाघ'' और हम हैं बदलाव'' थीम पर प्रशिक्षण-सह-जागरूकता शिविर 9 जनवरी को आयोजित किया गया। शिविर में शासकीय राजीव गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माचना कॉलोनी भोपाल के 108 छात्र-छात्राओं एवं 7 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री ए.के. खरे, सेवानिवृत उप वन संरक्षक के साथ-साथ वन विहार के बायोलॉजिस्ट श्री विजय नंदवंशी भी उपस्थित रहे। इस दौरान संचालक वन विहार श्री मीना अवधेशकुमार शिवकुमार, सहायक संचालक वन विहार श्री एस.के. सिन्हा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

शिविर में सम्मिलित हुए प्रत्येक बच्चे को अनुभूति बुक, अनुभूति बैग, कैप, वन विहार के ब्रोशर के साथ-साथ जलीय पक्षी, स्थलीय पक्षी, तितली प्रजाति, गिद्ध कुंजी के ब्रोशर भी प्रदान किये गये। विद्यार्थियों को मास्टर ट्रेनर एवं नवीन प्रेरकों द्वारा पक्षी दर्शन, वन्यप्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण, स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों एवं फूड चैन की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रतिभागियों ने फूड वेब, फूड चेन सम्बंधित खेल, खेलकर जानकारी प्राप्त की। वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों कराई गई। उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। छात्र/छात्राओं को वन्यप्राणियों को कैसे रेस्क्यू किया जाता है, इस संबंध में वन विहार में उपलब्ध रेस्क्यू वाहन के माध्यम से रेस्क्सू टीम द्वारा अवगत कराया गया। समापन अवसर पर संचालक वन विहार श्री मीना अवधेशकुमार शिवकुमार द्वारा शिविर में सम्मिलित प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई एवं पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी शिविर 14 जनवरी को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित किया जायेगा।

# सीमेंट कांक्रीटीकृत सड़कों और नालों के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



**भोपाल।** सांसद आलोक शर्मा व महापौर मालती राय ने पुराने शहर के जोन क्रमांक 04 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 में विभिन्न विकास कार्यों हेतु पृथक-पृथक भूमिपूजन किया। नगर निगम द्वारा लगभग 02 करोड़ 10 लाख रूपये की लागत से यह विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सांसद शर्मा व महापौर श्रीमती राय ने गुरूवार सांय सर्वप्रथम जोन क्रमांक 04 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 में छोला रोड धर्मकांटा के पास वार्ड क्रमांक 18 के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 01 करोड़ 65 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाली सीमेंट कांक्रीटीकृत सड़कों के निर्माण हेतु विधिवत भूमिपूजन किया। इसके उपरांत सांसद श्री शर्मा व महापौर श्रीमती राय ने वार्ड क्रमांक 17 के शांति नगर क्षेत्र में लगभग 45 लाख रूपये की लागत से होने वाले सीमेंट कांक्रीटीकृत सड़कों व नालों के निर्माण कार्य हेतु विधिवत भूमिपूजन किया। उक्त भूमिपूजन अवसरों पर महापौर परिषद के सदस्य श्री मनोज राठौर, जोन अध्यक्षद्वय श्रीमती पूजा शर्मा व श्री देवेन्द्र भार्गव, संबंधित वार्डों के पार्षदद्वय श्री राजू कुशवाह व श्रीमती शीतल वर्मा के अलावा पार्षद श्री शैलेष साहू सहित पूर्व पार्षदगण व गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# शिकायतों को गंभीरता से न लेने पर प्रभारी सहायक यंत्री व सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस

**भोपाल।** निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से न लेने व शिकायतों को अपने विभाग से संबंधित न होना बताने व शिकायतों के निराकरण हेतु तत्परतापूर्वक कार्यवाही न करने वाले जोन क्र. 10 एवं 12 के प्रभारी सहायक यंत्री (जलकार्य) एवं प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्र. 10 को कारण बताओ नोटिस जारी कर 02 दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर उत्तर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है साथ ही चेतावनी दी कि समयावधि में उत्तर न प्रस्तुत करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। निगम आयुक्त श्री नारायन ने निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी, कर्मचारी समक्ष में अथवा दूरभाष पर प्राप्त होने वाली शिकायतों पर तत्परतापूर्वक नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से न लेकर शिकायतों के निराकरण हेतु तत्परतापूर्वक कार्यवाही न करने के प्रकरणों पर संज्ञान लेते हुए जोन क्र. 10 एवं 12 के जलकार्य विभाग के प्रभारी सहायक यंत्री श्री नीतेश श्रीवास्तव एवं जोन क्र. 10 के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश पाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निगम आयुक्त श्री नारायन द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस अनुसार शहर के नागरिकों एवं रहवासियों द्वारा समक्ष में एवं दूरभाष पर बताई जाने वाले समस्याओं/शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका समाधान नहीं किया जा रहा है और न ही नागरिकों/रहवासियों की शिकायतों को आपसे संबंधित न होने पर अन्य अधिकारियों को भी सूचित नहीं किया जाता जिसके कारण नागरिकों द्वारा निगम की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाया जाता है और निगम की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उपरोक्त कृत्य से प्रतीत होता है कि आपके द्वारा सौंपे गये दायित्वों एवं पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही है जो मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम के तहत कदाचरण की श्रेणी में आता है।

# आर्ट ऑफ लिविंग अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में चार दिवसीय मप्र महोत्सव का भव्य शुभारंभ

### पारंपरिक लोक संगीत, नृत्य और स्वादिष्ट व्यंजन बने मुख्य आकर्षण

आर्ट ऑफ लिविंग अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, बेंगलुरु में मध्यप्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित गए चार दिवसीय मध्यप्रदेश महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस महोत्सव का उद्देश्य मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, संगीत और कलात्मक धरोहर को बढ़ावा देना और इसे विश्व स्तर पर प्रस्तुत करना है। इस आयोजन में मध्यप्रदेश के कई कलाकार हिस्सा ले रहे हैं, जो प्रदेश की अनूठी सांस्कृतिक और लोक परंपराओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान लोक संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां भी लोगो को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। गुरुवार शाम सुप्रसिद्ध उदय भानवलकर द्वारा सुरमई ध्रुपद संगीत सुनाया गया एवं जाने-माने किरण बामनेरे और आमिर खान द्वारा आकर्षक वायलिन-सरोद की जुगलबंदी प्रस्तुत की गई। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की अपर प्रबन्ध संचालक



बिदिशा मुखर्जी ने इस मौके पर कहा 卐आर्ट ऑफ लिविंग दुनिया की प्रमुख और अग्रणी आध्यात्मिक संगठनों में से एक है, जो भारत और विदेशों से साधकों और अनुयायियों को एक साथ लाता है। यह मंच निस्संदेह मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने का सबसे बेहतरीन अवसर है। यहाँ पर्यटन विभाग द्वारा भिन्न-भिन्न प्रदर्शनियाँ लगायी गई है। जिसमें प्रचार-प्रसार, फ़िल्म, निवेश, ग्रामीण पर्यटन के साथ मृगनयनी एंपोरियम एवं अन्य क्राफ्ट भी प्रदर्शित किए जा रहे है। प्रदेश के छह रीजन के खाने की स्टाल भी लगाये गये है। जो हर दिन अलग-अलग व्यंजन परोसेंगे। मध्यप्रदेश महोत्सव में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार की गई कला कृतियों और चंदेरी की साड़ियों ने भी अपनी छाप छोड़ रही है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में निवेश और फ़िल्म निर्माण के अवसरों पर भी पर्यटकों को जानकारी दी जा रही है। इसके साथ गोंड और भील चित्रकला, ज़री-जरदोज़ी, और चंदेरी सिल्क जैसी मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध हस्तशिल्प और वस्त्रों की प्रदर्शनी ने दर्शकों का ध्यान खींच रहे है। महोत्सव में पारंपरिक व्यंजनों का भी लोगो द्वारा लुत्फ उठाया जा रहा है। जिसमे इंद्रहार, मावा बाटी, भुट्टे की कीस और रागी बालूशाही जैसे लज़ीज़ व्यंजन उपलब्ध है। महोत्सव के माध्यम से आर्ट ऑफ लिविंग और मध्यप्रदेश संस्कृति एवं पर्यटन विभाग ने एक मंच पर सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया है। यह आयोजन मध्यप्रदेश की समृद्ध परंपरा और कला को संजोने और आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रहा है। महोत्सव 12 जनवरी तक चलेगा, जिसमें कई हज़ार दर्शकों और पर्यटकों के आने की उम्मीद है। प्रतिभागी इस दौरान ध्यान, ज्ञान और गुरुदेव रविशंकर की उपस्थिति का अनुभव भी करेंगे।

# जस्टिस भट्टी करेंगे रेरा चेयरमैन अजीत श्रीवास्तव की शिकायतों की जांच

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



रेरा के चेयरमैन अजीत श्रीवास्तव पर लगे आरोप की जांच हाईकोर्ट के जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी करेंगे। दरअसल रियल स्टेट रेग्यूलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के चेयरमैन श्रीवास्तव के सख्त रवैये ने बिल्डरों की नींद उड़ा रखी है। इस मामले में कई बिल्डरों ने रेरा चेयरमैन के खिलाफ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को शिकायत कर उन्हें हटाने की मांग की थी, लेकिन रेरा एक्ट के अनुसार सरकार चाहकर भी रेरा चेयरमैन पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकती। एक्ट के अनुसार रेरा चेयरमैन को हटाने के लिए धारा 26 में हाईकोर्ट जस्टिस से जांच करवाई जा सकती है, जांच में दोषी पाए जाने पर ही रेरा चेयरमैन को हटाया जा सकता है।

सरकार ने इस मामले में विधि विभाग से सहमति लेने के बाद रेरा चेयरमैन के खिलाफ आई शिकायतों की जांच के लिए हाईकोर्ट चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत को प्रस्ताव भेजा था। जिस पर मप्र हाईकोर्ट चीफ जस्टिस कैत ने जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी को नियुक्त किया है। जस्टिस भट्टी की जांच रिपोर्ट में यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो उस रिपोर्ट के आधार पर सरकार रेरा चेयरमैन को हटाने का फैसला लेगी। यदि ऐसा होता है तो वे समय से पहले हटाए जाने वाले दूसरे चेयरमैन होंगे। रेरा मप्र के पूर्व चेयरमैन और आईएएस अधिकारी एंटोनी डिसा को भी समय से पहले हटाया गया था, लेकिन यह प्रक्रिया स्वेच्छा वाली थी।

चेयरमैन श्रीवास्तव पर रेरा में सरकार की बिना अनुमति के की गई भर्तियों, बिल्डर व डेवलपर के प्रोजेक्ट को समयसीमा से ज्यादा देर तक लटकाने सहित उन्हें परेशान करने के आरोप हैं। बता दें कि श्रीवास्तव 1984 बैच के ढ्रस रहे हैं। रिटायरमेंट से पहले वे प्रशासन अकादमी के डीजी भी रह चुके हैं।

**दूसरी बार गलत प्रक्रिया अपना रही सरकार:** रेरा चेयरमैन को हटाने की जल्दबाजी में सरकार दूसरी बार गलत प्रक्रिया अपना रही है। इसके पहले तत्कालीन मुख्य सचिव वीरा राणा ने सभी निगम- मंडलों के साथ रेरा चेयरमैन की नियुक्ति रद्द कर दी थी। जिस पर सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। दरअसल रेरा चेयरमैन संवैधानिक पद है। ऐसे में साधारण आदेश से सरकार चैयरमेन को नहीं हटा सकती। ये साधारण सी बात तत्कालीन मुख्य सचिव राणा से लेकर जिम्मेदार आला अफसर समझ ही नहीं पाए। अब दूसरी बार भी उसी तरह की गलती सरकार करने जा रही है। सरकार ने जल्दबाजी में विधि विभाग से सहमति लेकर हाईकोर्ट चीफ जस्टिस कैत से रेरा चेयरमैन श्रीवास्तव की जांच के लिए जस्टिस भट्टी की नियुक्ति तो करवा ली, लेकिन रेरा एक्ट की धारा 26 के नियम 35 को शायद पढ़ना भूल गई। जिसमें साफ साफ लिखा है ?कि रेरा चेयरमैन के खिलाफ आने वाली शिकायतों की प्रारंभिक जांच सरकार स्तर पर होगी। इन शिकायतों की स्क्रूटनी करने के बाद उसकी जांच हाईकोर्ट जस्टिस से करवाई जाएगी, लेकिन सरकार ने बिल्डरों की शिकायतों की स्क्रूटनी किए बिना ही जस्टिस भट्टी की नियुक्ति करवा ली। चौंकाने वाली बात ये है कि विधि विभाग ने भी रेरा एक्ट का अध्ययन किए बगैर ही सरकार के प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए हाईकोर्ट चीफ जस्टिस को प्रस्ताव भेज दिया।

### ईओडब्ल्यू ने भी दर्ज किया है मामला

भोपाल के एक व्यक्ति प्रभाष जेटली की शिकायत पर ईओडब्ल्यू ने प्राथमिकी दर्ज की है। उन पर रेरा में हुई नियुक्तियों में गड़बड़ी करने का आरोप है। साथ ही आकृति बिल्डर्स के मामलों को रद्द करने पर भी सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि अभी ये आरोप हैं। इसी आधार पर ईओडब्ल्यू ने प्राथमिकी दर्ज की है। जांच के बाद आरोपों की सच्चाई सामने आ सकेगी। जेटली ने शिकायत की है कि आकृति डेवलिंक्स प्राइवेट लिमिटेड के आकृति गार्डस प्रोजेक्ट में श्रीवास्तव और उनकी पत्नी नीति श्रीवास्तव ने आवासीय भूखण्ड नं. बी-168 लिया है। इसके साथ रेरा अध्यक्ष की हैसियत से श्रीवास्तव ने आकृति डेवलिंक्स के सभी प्रोजेक्ट को रद्द भी कर दिया, जबकि न्यायिक प्रक्रिया की सुचिता को देखते हुए श्रीवास्तव को आकृति डेवलिंक्स के प्रोजेक्ट को रेरा अध्यक्ष की हैसियत से सुनवाई नहीं करनी थी। शिकायत में ये भी कहा गया है कि रेरा में कई पदों पर भर्ती की गई हैं। इसमें एक न्याय निर्णय अधिकारी के स्वीकृत दो पदों में से एक पद का विज्ञापन निकाला गया, जबकि एक पद को बिना विज्ञापन के भर दिया गया। वहीं, संविदा नियुक्ति के अनुसार 65 वर्ष से अधिक उम्र के ऊपर भर्ती नहीं की जा सकती। इसके उलट श्रीवास्तव ने नियमों के विरुद्ध जाकर 65 वर्ष से अधिक उम्र पर भी नियुक्त कर दी।

**रेरा ने ईओडब्ल्यू की कार्रवाई को गलत ठहराया था:** रेरा के सचिव ने डीजी ईओडब्ल्यू को पत्र लिखकर कहा था कि ईओडब्ल्यू द्वारा की गई कार्रवाई असंवैधानिक है। रेरा सचिव ने अपने पत्र में कहा कि आकृति बिल्डर पर न्यायलियन प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की गई है। आकृति बिल्डर ने हाईकोर्ट में 10 याचिकाएं की थीं, जिसे हाईकोर्ट ने 29 मार्च, 2022 को करते हुए उन्हें प्रारंभिक स्तर पर ही निरस्त किया गया था। रेरा सचिव ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों की सेवाएं प्रतिनियुक्ति पर लेने के लिए सरकार ने रेरा अधिनियम की धारा 28 में प्रावधान किए गए हैं, जिसमें साफ लिखा है कि रेरा में न्याय निर्णायक अधिकारियों की नियुक्ति रेरा ही करेगा। नियुक्ति प्रक्रिया में केवल राज्य शासन का परामर्श लिया जाएगा। रेरा ने जो भी नियुक्तियां की हैं वो नियम-कानून के अनुसार की गई हैं। रेरा सचिव ने ये भी कहा कि रेरा एक्ट की धारा 90 के अनुसार रेरा के अध्यक्ष, सदस्य और अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्रवाई नहीं की जा सकती।

# प्रदेश में महंगी होगी शराब, जल्द आ रही नई आबकारी

## नई आबकारी नीति में बदलावों पर लगी मुहर, पुराना सिस्टम होगा खत्म

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश आबकारी नीति 2025-26 में काफी बदलाव होने की संभावना है। शराब लाइसेंस फीस को 20 फीसदी बढ़ाने की सिफारिश की गई है। साथ ही इस बार ग्रुप में दुकानों की नीलामी के बजाय सिंगल दुकानें नीलाम की जाएंगी। यदि लाइसेंस की फीस बढ़ी तो शराब की कीमतों में बढ़ोतरी होगी। आबकारी नीति में बदलाव पर मुहर लग चुकी है और संभवत- एक हफ्ते में घोषणा भी हो जाएगी।

सूत्रों से मिला जानकारी के अनुसार, इस बार प्रदेश सरकार ने शराब से करीब 16,000 रुपए के राजस्व का लक्ष्य रखा है। इसलिए शराब दुकानों के लाइसेंस में 20 फीसदी बढ़ोतरी की जा रही है। पिछली बार 15 फीसदी वृद्धि के साथ प्रदेश की 3,600 शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया नवीनीकरण/लॉटरी एवं ई-टेंडर के माध्यम से की गई थी।



### सिंगल दुकान नीलाम करने से हो सकती परेशानी

बड़े ठेकेदारों की मोनोपॉली को खत्म करने के लिए एमपी सरकार ने वर्ष-2022 में सिंगल ग्रुप सिस्टम को खत्म कर छोटे-छोटे समूह बनाकर नीलामी की शुरुआत की थी। लेकिन अब इस सिस्टम को खत्म कर सिंगल-सिंगल दुकान नीलाम करने की तैयारी हो रही है। इससे सबसे बड़ी परेशानी यह होगी कि जो प्रमुख दुकानें हैं उन पर ठेकेदारों का फोकस रहेगा और जहां बिक्री कम वहां वे नीलामी में शामिल नहीं होंगे। सिंगल दुकान होने से ठेकेदार मनमानी से कीमतों पर शराब बचेंगे, जिससे विवाद की नौबत आ सकती है।

### मंत्रि-परिषद समिति का गठन

राज्य शासन ने वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी नीति के निर्धारण एवं अनुषांगिक विषयों पर निर्णय लेने के लिए मंत्रि-परिषद समिति का गठन किया था। समिति में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत को शामिल किया गया था, जबकि प्रमुख सचिव वाणिज्यकर समिति के सचिव थे।

# प्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं : मुख्यमंत्री डॉ . यादव



### मुख्यमंत्री ने किया प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन प्लास्टपैक 2025 का शुभारंभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह उद्योग का नया क्षेत्र है और इसका बड़ा बाजार है। इस उद्योग में रोजगार की भी बेहतर और बड़े अवसर हैं। प्लास्टिक उद्योग के विकास के लिए इसके दुष्प्रभाव को दूर कर सावधानी रखते हुए आगे बढ़ेंगे। प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिए रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा। रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट की तकनीक को विक?सित करने के लिए वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की मदद भी ली जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को इंदौर में प्रारंभ हुए प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन प्लास्टपैक 2025 को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 12 जनवरी तक उद्योग मेले के रूप में चलेगा। इसमें प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और 2 हजार से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के सहयोग से हो रहा है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री मधु वर्मा, महापौर परिषद के सदस्य श्री अभिषेक शर्मा तथा इंडियन प्लास्टपेक फोरम के चेयरमेन श्री सचिन बंसल आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्लास्टिक उद्योग के विकास की प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। इस उद्योग के विकास में पूरी मदद दी जाएगी। बदलते दौर में प्लास्टिक का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। यह जीवन उपयोगी भी है। प्लास्टिक ने अपनी उपयोगिता कोविड काल में साबित की है। यह जीवन रक्षक के रूप में सामने आया है। कोविड के दौरान पीपीई कीट हो या मॉस्क आदि में प्लास्टिक का उपयोग हुआ है। जीवन में इसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता है। प्लास्टिक के दुष्प्रभाव भी हैं। इन दुष्प्रभावों को दूर करने के प्रयास होंगे। पर्यावरण की चिंता भी रखी जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति और नई दिशा दी जा रही है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए रिजनल स्तर पर इन्वेस्टर समिट आयोजित किये जा रहे हैं। इसके बेहतर परिणाम भी मिल रहें हैं। प्रदेश में अब तक 6 रिजनल इन्वेस्टर समिट आयोजित हो चुकी है। इनके माध?यम से चार लाख करोड़ रूपये का निवेश प्रदेश में आया है। इससे लगभग तीन लाख लोगों को रोजगा मिलेगा। उक्त निवेश से प्रदेश में 200 करोड़ रूपये का राजस्व भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में गुजरात मॉडल पर तेजी से विकास किया जा रहा है।

# समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 23 जनवरी तकः खाद्य मंत्री राजपूत



**अब तक 36 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी, किसानों के खातों में 5005 करोड़ की राशि अंतरित**

**भोपाल।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 5 लाख 61 हजार 627 किसानों से 36 लाख 50 हजार 736 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान की खरीदी के लिये प्रदेश में 1393 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। धान का उपार्जन 23 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रूपये है। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खातों में अभी तक 5005 करोड़ 21 लाख रूपये की राशि अंतरित कर दी गई है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश के बालाघाट जिले में 4 लाख 79 हजार 736, सतना 3 लाख 65 हजार 232, कटनी 3 लाख 59 हजार 282, रीवा 3 लाख 16 हजार 182, जबलपुर 3 लाख 9 हजार 800, सिवनी 2 लाख 46 हजार 195, मण्डला 1 लाख 74 हजार 498, शहडोल 1 लाख 67 हजार 130, मैहर 1 लाख 44 हजार 414, नर्मदापुरम् 1 लाख 37 हजार 855, सिंगरौली 1 लाख 24 हजार 349, पन्ना 1 लाख 23 हजार 164, उमरिया 1 लाख 9 हजार 840, सीधी 1 लाख 4 हजार 139, अनूपपुर 83 हजार 107, मऊगंज 83 हजार 73, दमोह 72 हजार 128, नरसिंहपुर 66 हजार 952, डिंडोरी 53 हजार 393, रायसेन 36 हजार 617, बैतूल 36 हजार 59, सीहोर 29 हजार 809, सागर 14 हजार 192, छिन्दवाड़ा 9 हजार 581, भिंड 1325, विदिशा 1040, हरदा 960, शिवपुरी 542, मुरैना 68, अलीराजपुर 56 और झाबुआ जिले में 18 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

# प्रदेश के दौरे पर राज्यसभा की सूचना और संचार प्रौद्योगिकी की स्थायी समिति

**भोपाल।** राज्यसभा के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) प्रबंधन पर संसदीय स्थायी समिति की बैठकें गुरुवार को जबलपुर में हुईं। बैठकों की अध्यक्षता समिति के चेयरमेन राज्यसभा सांसद श्री निरंजन बिशी ने की। बैठकों में राज्यसभा सांसद श्री गुलाम अली समेत समिति के सदस्य सम्मिलित हुए। इन बैठकों में तकनीकी प्रगति के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं को सशक्त बनाने तथा नागरिकों के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर विशेष बल दिया गया। समिति के सदस्यों का दल 9 जनवरी से 11 जनवरी तक मध्यप्रदेश के जबलपुर और कटनी के दौरे पर रहेगा। समिति की पहली बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (स्द्गद्बह्लङ्ग), राज्य सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और स्थानीय प्राधिकरणों प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश में सार्वजनिक सेवाओं के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग और इसके संबंध में सार्वजनिक संस्थानों द्वारा उठाए गए कदमों पर विचार-विमर्श किया गया।स्थायी समिति की दूसरी बैठक में एम.पी. राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम, पुलिस अधिकारियों, स्थानीय प्रशासन तथा कॉमन सर्विस सेंटर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यहाँ साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल एवं नागरिकों के डेटा की सुरक्षा के लिए साइबर कानूनों के प्रवर्तन पर चर्चा की गई। तीसरी बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक) और डाक विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में वित्तीय संस्थानों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय तथा नागरिकों के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ।




# विनोद देवड़ा बने जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता..

भोपाल। जल संसाधन में प्रभारी मुख्य अभियंता विनोद देवड़ा को प्रमुख अभियंत बनाया गया है। इस सम्बन्ध में आज शाम को आदेश जारी किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार विभाग में वर्तमान में चीफ इंजीनियर स्तर का एक भी अफसर नहीं है। दस अधीक्षण यंत्री हैं। इनमें से पांचवें नंबर के एस ई को प्रमुख अभियंता नियुक्त किया है। वरिष्ठता क्रम के अनुसार सेवक राम उइके गुणवत्ता इकाई परिषद भोपाल (प्रतिनियुक्ति पर) पहले, डी.एल. वर्मा प्रभारी मुख्य अभियंता नर्मदा घाटी विकास प्राधिरण भोपाल (प्रतिनियुक्ति पर) दूसरे, विनोद सिंह टेकाम प्रभारी आयुक्त (सीएडीए) भोपाल तीसरे और जोश सिंह कुशरे संचालक रिसर्च भोपाल चौथे नंबर पर हैं। इनसे जूनियर विनोद देवड़ा को प्रमुख अभियंता बनाया गया है। देवड़ा वर्तमान में प्रभारी मुख्य अभियंता नर्मदा ताप्ती इंदौर हैं। लेकिन मूल रूप से अधीक्षण यंत्री हैं और अधीक्षण यंत्री की वरिष्ठता सूची में पांचवे नंबर पर हैं। जो अधिकारी हाई कोर्ट गए थे, वो वरिष्ठ थे, पर उनमें से किसी को प्रभार नहीं दिया गया।

# बच्चों को ऊनी वस्त्र, केक, दलिया, खिलौने और बोर्नविटा व बिस्किट और टॉफी का वितरण किया



**भोपाल।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद कोहेंफिजा शाखा के द्वारा नव बर्ष पर मातृ छाया में जाकर बच्चों को ऊनी वस्त्र केक दलिया खिलौने एवं बोर्नविटा व बिस्किट टॉफी आदि सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्य में हमें प्रोत्साहन एवं अपना सहयोग प्रदान किया हमारी प्रांतीय सहसचिव एवं केंद्रीय चेयरपर्सन मीना पवैया, प्रांतीय चेयरपर्सन सुनीता प्रधान, प्रांतीय संरक्षक अनु प्रधान, रीना जैन व शाखा सदस्य एकता सुरेखा प्रधान बबीता, मंजू अलका सिंघाई, संध्या आदि ने सभी सदस्यों ने सहयोग दिया। अध्यक्ष नीलेश जैन, सचिव तृप्ति जैन, कोषाध्यक्ष ममता जैन आदि इस दौरान उपस्थित रहे।

# भाजपा कल से प्रदेश भर में संविधान गौरव अभियान चलाएगी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव मनाने संविधान गौरव अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान का शुभारंभ 11 जनवरी को होगा, जो 25 जनवरी तक चलेगा। भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाने वर्ष भर अभियान चलेगा। 9 जनवरी 1900 को भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के विरूद्ध युद्ध प्रारंभ किया था। उनके शौर्य को याद करते हुए वर्ष भर अभियान चलाया जायेगा। जनसभा के माध्यम से प्रदेश में अभियान प्रारंभ किया जायेगा। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, श्री राजेन्द्र शुक्ला, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे।

संविधान गौरव अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों का प्रचार किया जायेगा और संविधान शिल्पकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी जायेगी। अभियान के तहत 11 से 25 जनवरी तक अनुसूचित जाति, बुद्धिजीवी, महिला और युवा वर्ग, हॉस्टल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों से विशेष संपर्क कर संविधान की प्रतियों का वितरण एवं जनसभाओं का आयोजन किया जायेगा।

# पश्चिम क्षेत्र कंपनी ने 734 ग्रिडों पर केपिसिटर बैंक का कार्य सौ फीसदी पूर्ण किया, किसानों को मिलेगी राहत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत मप्र में सबसे ज्यादा केपिसिटर बैंक स्थापित किए हैं। कंपनी ने सबसे ज्यादा 734 कैपिसिटर बैंक 33/11 केवी के ग्रिडों पर स्थापित किए हैं। 114 करोड़ के इन ग्रिडों से किसानों को रबी सीजन में पहले की तुलना में ज्यादा गुणवत्ता से सिंचाई के लिए बिजली मिली है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आरडीएसएस के कार्यों को समय पर पूरा करने से लाखों उपभोक्ताओं को फायदा मिल रहा है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि 734 केपिसिटर बैंक में सबसे ज्यादा केपिसिटर बैंक इंदौर एवं उज्जैन जिलों में लगाए गए हैं। इनकी संख्या 102 एवं 110 हैं। शाजापुर में 82, देवास में 77, खरगोन में 60, धार में 53, मंदसौर में 46, खंडवा में 38, नीमच में 36, आगर में 33, रतलाम में 28, बड़वानी और झाबुआ में 27, बुरहानपुर में 15 स्थानों के 33/11 केवी ग्रिडों पर अत्याधुनित तरीके से केपिसिटर बैंक स्थापित किए गए हैं। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि बताया कि एक ओर जहां ग्रिडों पर केपिसिटर बैंक लगने से संबंधित फीडर के दूरस्थ किसानों को गुणवत्ता के साथ बिजली उनके खेत, नलकूप, कुएं तक मिल रही है। इससे जहां मोटर पंप उच्च क्षमता के साथ चलकर भरपूर पानी दे रहे हैं, वहीं गुणवत्ता के साथ बिजली अंतिम छोर तक मिलने से मोटर पंप खराब होने की नौबत नहीं आ रही है। वहीं वोल्टेज सही मिलने से कुल बिजली खपत संतुलित हो रही है। ऐसे में ग्रिडों पर अतिरिक्त बिजली खपत की नौबत नहीं आ रही रिएक्टिव पावर की स्थित बढ़ने से लोड खपत बढने से निजात मिल सकी है। इससे कंपनी की हानि में अपेक्षाकृत कमी आएगी। सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि आरडीएसएस का देश का पहला 33/11 केवी ग्रिड इंदौर जिले के ईमलीखेड़ा में तैयार हुआ था, वहीं इस योजना के तहत प्रदेश में अब तक सबसे ज्यादा ग्रिड भी 55 स्थानों पर मालवा निमाड़ में ही तैयार हुए हैं।

## सम्पादकीय

# गोदामों में सड़ता अनाज

अलग-अलग आई खबरों को जोड़ा जाए तो मध्य प्रदेश में सरकारी गोदामों में लगभग नौ लाख क्विंटल अनाज सड़ चुका है। यह अनाज पूरे प्रदेश को लगभग एक महीने तक खिलाने के लिए पर्याप्त था, परंतु यह अब पशुओं के चारे के लायक भी नहीं बचा है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब हमारा देश ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 105वीं रैंक पर है, और यह इथियोपिया जैसे देशों से भी नीचे है।

यह अनाज उस राज्य में सड़ा है, जहां आज भी बड़ी संख्या में कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं, यानि लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा है। लोकसभा में दिए



गए एक जवाब के अनुसार मध्य प्रदेश में 5 साल से कम उम्र के 26 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे कम वजन के हैं, जो देश में सबसे ज़्यादा है। यह हमारे लिए शर्म की बात होना चाहिए कि जहां लोगों को पर्याप्त खाना नहीं मिल पा रहा है, वहां लाखों क्विंटल अनाज सड़ रहा है।

मध्यप्रदेश के राज्य आपूर्ति निगम, जो पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम यानि पीडीएस के जरिए अनाज वितरण सुनिश्चित करता है, अब उसको इस सड़े हुए अनाज बेचने के लिए टेंडर जारी करने पड़े। ताकि इससे कम से कम कुछ लागत तो वसूल हो सके। सड़ने वाले अनाज में 90 प्रतिशत से ज़्यादा गेहूं है। ऐसे टेंडर 2024 में कम से कम चार बार 13 मार्च से 5 नवंबर के बीच जारी किए गए। कॉर्पोरेशन ने इस तरह से लगभग 8.9 लाख क्विंटल अनाज बेचा। इसके अलावा कुछ सड़ा हुआ चावल भी बेचा गया।

इन खराब और सड़े हुए अनाजों को बेचकर सरकार को कितना नुकसान हुआ, यह कई कारकों पर निर्भर करता है। जैसे कि यह किस वर्ष खरीदा गया था, उस वर्ष खरीद की लागत, भंडारण लागत, परिवहन लागत और किस श्रेणी के तहत इसे बेचा गया था। जहां तक इस 9 लाख क्विंटल अनाज की बात करें तो मोटे अनुमान के मुताबिक लगभग 200 करोड़ रुपये का नुकसान तो हुआ ही है।

बेचे गए सड़े हुए अनाज को पांच श्रेणियों में बांटा गया था। दो श्रेणियों वाला अनाज पशुओं के चारे के लिए उपयुक्त माने जाते हैं, फीड थ्री वाला मुर्गी के चारे के लिए, चतुर्थ श्रेणी वाला औद्योगिक और खाद उपयोग के लिए (पशुओं या मुर्गी के लिए भी उपयुक्त नहीं) और पाचवीं श्रेणी वाले को खाद श्रेणी कहा जाता है, जो किसी भी औद्योगिक उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं है।

यह अनाज न केवल हाल के वर्षों का है बल्कि 2018-19 तक का भी है। असल में अनाज खराब हो रहा था और भंडारण का किराया भी बढ़ रहा था। इसलिए ऐसे स्टॉक को साफ करने और बही-खाते साफ करने के लिए एक अभियान शुरू किया गया था। अनाज किसानों से सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदा जाता है, और फिर राज्य वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित गोदामों में पहुंचाया जाता है। परिवहन लागत, भंडारण का किराया और खरीद के लिए कमीशन का भुगतान सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन द्वारा किया जाता है।

अधिकारी बताते हैं कि अगर गोदाम एक संयुक्त उद्यम में है, तो नुकसान मालिकों से वसूल किया जाता है। अगर यह सरकार के स्वामित्व वाला है, तो कर्मचारियों से वसूली की जाती है। अनाज को समय पर उठाने की जिम्मेदारी सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन की है। अगर वे ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो अनाज खराब हो जाता है। नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध निदेशक कहते हैं कि इन अनाजों की बिक्री से उत्पन्न राजस्व और खर्च की गई लागत के बीच जो भी अंतर होगा, वह राज्य वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के देय राशि से वसूल किया जाएगा। अब ये केवल कहा जा रहा है। उनसे पूछा जाए कि पहले जब अनाज सड़ने की घटनाएं हुईं, कितना वसूल पाई सरकार? क्या वास्तव में वसूली हो पाती है?

इसमें एक बात जो नहीं आ पाई, वो ये है कि सरकारी गोदामों में अफसरों की मिलीभगत भी सामने आती रही है। जानबूझकर सड़ा हुआ गेहूं भी रखा जाता है, जिसके कारण दूसरा गेहूं भी सड़ जाता है। पहले तो यह भी होता आया है कि सड़ा गेहूं फिकवाने के भी पैसे वसूल लिए और सड़ा गेहूं आसवनी, यानि शराब निर्माताओं को बेच दिया गया। सही बात तो यह है कि जो अनाज किसी काबिल नहीं होता, उसे गुपचुप तरीके से डिस्टलरीज यानि आसवनियों को बेच दिया जाता है। वहां इस सड़े अनाज से शराब बना ली जाती है और अधिकारियों को उसका बड़ा कमीशन मिल जाता है।

कुल मिलाकर गोदामों में रखे अनाज के सड़ने की घटनाएं अचानक होने वाली घटना नहीं कही जा सकती। जब भी बड़े पैमाने पर अनाज सड़ता है, अधिकांश यह साजिश के तहत ही होता है। इस साजिश की भी जांच होना चाहिए। गोदामों में कितने समय से अनाज रखा हुआ है, इसकी भी समय-समय पर समीक्षा होना चाहिए। उच्च अधिकारियों को इस पर नजर रखना चाहिए। थोड़ा भी खराब होने पर पूरा अनाज बाहर किया जाए, उसे कहीं भी सप्लाई किया जाए। उन लोगों को भी बांटा जा सकता है, जिन्हें पर्याप्त खाना नहीं मिल पाता है। इसके लिए आवश्यक नीति भी बनाई जा सकती है। और, लापरवाही या साजिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई भी इतनी ही जरूरी है।

### विडंबना यह कि अँग्रेजी की पालकी ढोने वाले हिन्दी पर सवारी पर गाँठते हैं

# हिन्दी की गति, नियति और हम

**दिवस विशेष/जयराम शुक्ल**

विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था इसीलिए इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

महत्वपूर्ण और दिलचस्प बात यह कि संसद और उसके बाहर अँग्रेजी में भाषण देने वाले पूर्व प्रधानमन्त्री डा.मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को प्रति वर्ष विश्व हिन्दी दिवस के रूप मनाये जाने की घोषणा की थी।

आठेक साल पहले इन्हीं दिनों भोपाल में विश्व हिंदी सम्मेलन रचा गया था। सरकारी स्तर पर कई दिशा निर्देश निकले, संकल्प व्यक्त किए गए। लगा मध्यप्रदेश देश में हिन्दी का ध्वजवाहक बनेगा, पर ढाँक के वही तीन पात।

सरकार हिन्दी को लेकर कितनी निष्ठावान हैं यह जानना है तो जा के भोपाल का अटलबिहारी हिंदी विश्वविद्यालय की दशा देख आइए। विश्वविद्यालय की परिकल्पना यह थी कि विज्ञान, संचार से लेकर चिकित्सा और अभियंत्रिकी तक सभी विषय हिन्दी में पढ़ाएंगे। घोषणाएं हुईं और हो सकता है कक्षाएं भी आरंभ हो चुकी हों। प्रश्न यह कि ऐलोपैथी ग्रीक, लैटिन से शुरू हुई और अंग्रेजी में आकर रम गई शब्दावलियां अभी भी लैटिन की हैं जस की तस। चिकित्सा की भारतीय पद्धति अलग है और ऐलोपैथी से विशिष्ट। भारतीय पद्धति की चिकित्सा को एलोपैथिक से श्रेष्ठ बनाने की दिशा में काम होना चाहिए। आधुनिक चिकित्सा और अभियांत्रिकी को हिन्दी में पढ़ाने नाम पर छात्रों को हम सिर्फ शल्यान्वेषण, संगणक, लौहपथगामिनी जैसे क्लिष्ट हिन्दी अनुवाद परोसेंगे इससे अधिक और कुछ नहीं।

अटल बिहारी विश्वविद्यालय श्री-शोभा से ज्यादा कुछ भी नहीं। फिलहाल यह नौकरशाही के नफे-नुकसान की गणित से अटलबिहारी के नाम का यह संस्थान बचा है, या हो सकता है अंदर ही अंदर इसका भी बोरिया-बिस्तर बाँधने की तैयारी कर ली गई हो कौन जाने..!

सही पूछा जाए तो अहिंदी क्षेत्रवासियों ने ही हिन्दी का बाना उठाया। बालगंगाधर तिलक,महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस, रवींद्र नाथ टैगोर, चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, सुब्रह्मण्यम भारती, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी जैसे मनीषी थे जिन्होंने हिन्दी की प्राण प्रतिष्ठा में मदद की।




ये सभी यह मानते थे कि हिन्दी ही देश को एक सूत्र में बाँध सकती थी। क्योंकि यह संघर्ष भी भाषा है,यह आंदोलन की जुबान है। महात्मा गांधी खुद स्वीकार करते थे कि उनकी हिन्दी कमजोर है फिर भी यह भाषा राष्ट्र की आन-बान-शान है।

संविधान में हिन्दी को जब राजभाषा स्वीकार किया गया तो ये बात कही गई कि निकट भविष्य में देश अँग्रेजी की केंचुल उतार फेकेगा लेकिन यह एक झांसेबाजी थी।

भारतीय प्रशासनिक एवं समकक्षीय सेवाएं जिनसे देसी लाटसाहब तैयार होते हैं,वहां हिन्दी के संस्कार नहीं दिए गए। ये देश के नए राजे महाराजे हैं और हर बाप अपने बेटों का भविष्य इन्हीं की छवि में देखता है।

इसलिए सरकारी स्कूलों के समानांतर पब्लिक स्कूलों का कारोबार आजादी के बाद न सिर्फ जारी रहा वरन दिनदूना रात चौगुना बढता रहा। साठ के दशक तक आते आते यह धारणा पुख्ता हो गई कि अँग्रेजी अफसर पैदा करती.है और हिन्दी चपरासी।

इन्हीं दिनों जब डाक्टर राममनोहर लोहिया ने हिन्दी का आंदोलन चलाया तो मध्य व पिछड़ा वर्ग इसलिए जुड़ा कि उनके बच्चों के लिए भी भविष्य का रास्ता हिंदी से भी साफ होगा। समाजवादी नेताओं ने इसका फायदा उठाया। कई राज्यों की सरकारें बदलीं।

इधर डा.लोहिया सत्तर का दशक नहीं देख पाए उधर इनके चेलों ने लोहिया के संकल्पों को विसर्जित करना शुरू कर दिया। चरण सिंह और मुलायम सिंह लोहिया टोपी लगाकर बात तो हिन्दी की बढाने की करते थे पर बेटों को विलायत पढने के लिए भेजते रहे।

हिन्दी सरकारी और राजनीतिक दोनों के दोगलेपन का शिकार हो गई और आज भी जारी है। लाटसाहबियत में अँग्रजी अभी भी है कल भी रहेगी नेता कुछ भी बोलें उसे फर्जी समझिए।

हिन्दी अब तक न्याय की भी भाषा नहीं बन पाई। उच्चन्यायालयों में नख से शिख तक अँग्रजी है। मुव्वकिलों को हिन्दी की एक एक चिंदी का अँग्रजी रूपांतरण करवाना होता है और उसके लिए भी रकम खर्चनी पड़ती है। यहां अँग्रजी शोषण की भाषा है।

कल्पना करिए यदि उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में हिन्दी व देश की अन्य भाषाओं को उनके क्षेत्र हिसाब से चलन में आ जाए तो अँग्रजी का एकाधिकार टूटने में पलभर भी नहीं लगेगा। मंहगे वकीलों की फीस जमीन पर आ जाएगी और न्याय भी सहज और सस्ता हो जाएगा।

हिन्दी और देशी भाषाओं की लड़ाई लड़ने वाले श्यामरुद्र पाठक की सुधि लेने वाली न भाजपा है न स्वदेशी आंदोलन वाले। सन् 2011में यूपीए सरकार के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी। सालोंसाल धरने में बैठे रहे। एक दिन सरकार ने पकड़कर तिहाड़ भेज दिया तब से पता नहीं कि वे कहां हैं।

श्यामरुद पाठक कोई मामूली आदमी नहीं हैं। उच्च शिक्षित, व हिंदी माध्यम से विज्ञान विषय में पीएचडी करने वाले, हिंदी माध्यम से आईएएस की परीक्षा पास करने वाले। हर मुद्दे पर गत्ते की तलवार भांजने वाले चैनलिया एंकरों को भी इधर देखने की फुरसत नहीं।

मोदीजी भले ही हिन्दी की बात करें पर वे ऊँची अदालतों और लाटसाहबी की भाषा हिन्दी को बना पाएंगें मुश्किल है। इसकी साफ वजह है। पिछली सरकारों से लेकर अब की सरकार में भी बड़े वकील ही प्रभावशाली मंत्री हैं। ये जब कुछ नहीं रहते तब वकील होते हैं। जब अँग्रजी ही इनकी विशिष्टता है तो भला ये क्यों राय देंगे कि हिन्दी और देशी भाषाओं को न्याय की भाषा बनाई जाए।

सरकार के नीति निर्देशक प्रारूप यही अँग्रेजीदा लाटसाहब लोग बनाते हैं तो ये अपनी ही पीढी के पाँव में कुल्हाड़ी क्यों मारेंगे। सो यह मानकर चलिए कि ये सरकारों में आने जाने वाले लोग बातें तो हिन्दी की बहुत करेंगे, कसमें खाएंगे और संकल्प भी लेंगे पर हिन्दी की बरकत के लिए करेंगे कुछ भी नहीं।

हिन्दी को हिन्दी के मूर्धन्य भी नहीं पालपोस रहे हैं। उनकी रचनाओं, कृतियों को पढता कौन है..जो पीएचडी कर रहे होते हैं वे, या वे जिन्होंने समालोचकों का हुक्का भरा व उसके प्रतिद्वंदी को गरियाया वो, फिर कमराबंद संगोष्ठियों में अपनी अपनी सुनाने की प्रत्याशा में बैठे साहित्य के कुछ लोभार्थी और लाभार्थी। यदि ये माने कि हिन्दी इनके माथे बची है या आगे बढ़ रही है तो मुगालते में हैं।

हिन्दी में कोई बेहतरीन बिक्री वाली पुस्तक क्यों नहीं निकलती...? प्रेमचंद, निराला, दिनकर और इनके समकलीन ही पुस्तक की दूकानों में अभी भी चल खप रहे हैं।

दरअसल जो लोकरूचि का लेखक है उसे ये महंत और उनके पंडे साहित्यकार मानते ही नहीं। बाहर गाँडफादर, और लोलिता जैसे उपन्यासों को साहित्यिक कृति का दर्जा है। यहां ऐसी कृतियों को लुगदी साहित्य करार कर पल भर में खारिज कर दिया जाता है। नीरज, शैलेन्द्र, साहिर, नेपाली, बलवीर रंग, सुदर्शन फाकिर, गुलजार और भी न जाने कितने कवि रहे व हैं जिन्होंने फिल्मों व मंचों से हिन्दी कविता संसार को व्यापक बनाया, लेकिन इनकी रचनाओं को पाठ्यक्रमों में जगह नहीं? अबूझ और बेवकूफी के बिंबों- प्रतिबिंबों वाली रचनाएं पाठ्यक्रमों में है, जिनके अर्थ-अनर्थ समझने में दिमाग का दही हो जाए।

हिन्दी के कथित कृतिकार अपने खोल में घुसे हैं। यही इनकी दुनिया है। हिन्दी को बाजार पालपोस रहा है। यह उत्पादक और उपभोक्ता की भाषा है। बाजार के आकार के साथ साथ हिन्दी का भी आकार बढ़ रहा है। फिल्में हिन्दी को सात समंदर पार ले जा रही हैं। जिस काम की अपेक्षा साहित्यकारों से है वह काम अपढ फिल्मकार कर रहे हैं।

हिन्दी की गति उसकी नियति से तय हो रही है। जैसे फैले फैलने दीजिए। अपन तो यही मानते हैं कि जैसे घूरे के दिन भी कभी न कभी फिरते हैं, वैसे ही हिन्दी के भी फिरेंगे।

# सेरामपुर ( श्रीरामपुर ) का विचित्र इतिहास

**एन के त्रिपाठी**

चित्र में गंगा नदी के दूसरे (पश्चिमी) तट पर सेरामपुर (श्रीरामपुर ) है। यह जिला हुगली, पश्चिम बंगाल में है। लेकिन यह कलकत्ता महानगरीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मैंने इसका भ्रमण किया।

सेरामपुर का एक विचित्र इतिहास है। 14वीं और 15वीं शताब्दी के दौरान यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार का केंद्र था। भारतीय कपास, तेल, चीनी और मसालों को शप्तग्राम ( सेरामपुर के पास के गांव) से बर्मा, सुमात्रा, जावा, मलय प्रायद्वीप, चीन, फारस, और अरब दुनिया में निर्यात किया जाता था। यूरोपीय व्यापारिक कंपनियां भारत के लिए एक समुद्री मार्ग की तलाश में थीं। खोज के बाद, पुर्तगाली सबसे पहले 1500 के प्रारम्भ में बंगाल आए। उनके बाद डच, फ्रांसीसी, ब्रिटिश, डेनिश, और अन्य यूरोपीय व्यापारिक कंपनियां आईं। यूरोपीय लोगों ने मुगलों के साथ समझौते करके गंगा के तट पर अपने-अपने व्यापारिक उपनिवेश स्थापित किए। डेनिश (डेनमार्क) व्यापारिक कंपनी ने 1698 में सेरामपुर में अपना पहला स्टेशन स्थापित किया। हालांकि, डेनिश लोग शीघ्र ही स्थानीय अधिकारियों के लिए समस्याएं उत्पन्न करने लगे। व्यापार के अतिरिक्त वे समुद्री डकैती करने, स्थानीय जहाजों को लूटने और चालक दल को गुलामों के रूप में बेचने लगे। इसके



परिणामस्वरूप, डेनिश लोगों को बंगाल छोड़ने के लिए विवश कर दिया गया। डेनिश एशियाटिक कंपनी पुनः 1755 में सेरामपुर लौटी। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बंगाल के मुगल सूबेदार के साथ एक नए समझौता किया जिसके अनुसार वे सेरामपुर में बस सकते थे, बशर्ते वे व्यापार पर करों का भुगतान करें। 1777 में, सेरामपुर का प्रशासन डेनिश एशियाटिक कंपनी से डेनिश सम्राट को स्थानांतरित कर दिया गया।शीघ्र ही ब्रिटेन बंगाल और भारत में प्रमुख शक्ति के रूप में उभर गया। ब्रिटिश दबाव के कारण डेनमार्क ने में 1845 में सेरामपुर को ब्रिटिश को बेच दिया। (अब, ट्रम्प डेनमार्क को ग्रीनलैंड बेचने के लिए कह रहे हैं )

सेरामपुर एक सांस्कृतिक और औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित होने लगा। नदी के किनारे समानांतर मुख्य सड़क पर यूरोपीय लोगों ने अपने सुंदर भवन बनाए। डेनिश गवर्नमेंट हाउस और संग्रहालय उस समय की प्रमुख यादें हैं। शहर अब बाजारों, दुकानों और रेस्तरां के साथ एक आधुनिक वाणिज्यिक शहर बन गया है। शासकीय कार्यालय और न्यायालय अभी भी डेनिश द्वारा स्थापित ऐतिहासिक भवनों में स्थित हैं।

भारत का इतिहास उतना ही विविध है जितना कि आप कल्पना कर सकते हैं।

# तारसप्तक का एक सितारा

**होंगे कामयाब, होंगे कामयाब**
**हम होंगे कामयाब एक दिन**
**हो-हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास**
**हम होंगे कामयाब एक दिन**
**होंगी शांति चारो ओर**
**होंगी शांति चारो ओर**
**होंगी शांति चारो ओर एक दिन**
**हो-हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास**
**होंगी शांति चारो ओर एक दिन**
**हम चलेंगे साथ-साथ**
**डाल हाथों में हाथ**
**हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन**
**हो-हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास**
**हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन**
**नहीं डर किसी का आज**
**नहीं भय किसी का आज**
**नहीं डर किसी का आज के दिन**
**हो-हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास**
**नहीं डर किसी का आज के दिन**
**हम होंगे कामयाब एक दिन**

यह गीत हर किसी की जुबान पर आ ही जाता है, जब उसका मन सफलता पाने को बेताब होता है। जब वह सफलता पाने का दृढ़ निश्चय करता है। और यह बात मन को सुकून देने वाली है कि यह गीत अंग्रेजी से हिंदी में मध्यप्रदेश के अशोकनगर में जन्मे गिरिजाकुमार माथुर ने अनुवादित किया था। गिरिजाकुमार माथुर तार सप्तक में शामिल सात प्रख्यात हिंदी कवियों में से एक थे। कविताओं के अलावा, उन्होंने कई नाटक, गीत और निबंध भी लिखे। 1991 में, उन्हें उनके संकलन, मैं वक्त के हूं सामने के लिए उसी वर्ष व्यास सम्मान के साथ-साथ साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें लोकप्रिय अंग्रेजी गीत वी शैल ओवरकम के हिंदी में अनुवाद हम होंगे कामयाब के लिए जाना जाता है। माथुर ने अपनी आत्मकथा मुझे और अभी कहना है में अपने जीवन की यात्रा का



वर्णन किया है। तार सप्तक एक काव्य संग्रह है। अज्ञेय द्वारा 1943 ई0 में नयी कविता के प्रणयन हेतु सात कवियों का एक मण्डल बनाकर तार सप्तक का संकलन एवं संपादन किया गया। तार सप्तक नयी कविता का प्रस्थान बिंदु माना जाता है। इसका ऐतिहासिक महत्त्व इस रूप में है कि इसी संकलन से हिन्दी काव्य साहित्य में प्रयोगवाद का आरम्भ होता है। आज भी अनेक काव्य प्रेमियों में इस संग्रह की कविताएँ आधुनिक हिन्दी कविता के उस रचनाशील दौर की स्मृतियाँ जगाएँगी जब भाषा और अनुभव दोनों में नये प्रयोग एक साथ कर सकना ही कवि कर्म को सार्थक बनाता था। तार सप्तक में गजानन माधव मुक्तिबोध, नेमिचन्द्र जैन, भारतभूषण अग्रवाल, प्रभाकर माचवे, गिरिजाकुमार माथुर, रामविलास शर्मा एवं अज्ञेय सहित सात कवियों की कविताएँ संकलित की गई हैं। तार सप्तक का प्रकाशन भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा सन् 1943 ई0 में किया गया है। इसी क्रम में अज्ञेय ने दूसरा सप्तक तथा तीसरा सप्तक प्रकाशित किया। बाद में अज्ञेय ने चौथा सप्तक भी प्रकाशित किया।

गिरिजा कुमार माथुर (22 अगस्त 1919 – 10 जनवरी 1994) एक कवि, नाटककार और समालोचक थे। गिरिजा कुमार माथुर का जन्म मध्यप्रदेश के अशोकनगर में हुआ था। उनके पिता देवीचरण माथुर स्कूल अध्यापक थे तथा साहित्य एवं संगीत के शौकीन थे। वे कविता भी लिखा करते थे। सितार बजाने में प्रवीण थे। माता लक्ष्मीदेवी मालवा की रहने वाली थीं और शिक्षित थीं। गिरिजाकुमार की प्रारम्भिक शिक्षा घर पर ही हुई। उनके पिता ने घर ही अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल आदि पढ़ाया। स्थानीय कॉलेज से इण्टरमीडिएट करने के बाद 1936 में स्नातक उपाधि के लिए ग्वालियर चले गये। ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की तथा सन् 1938 में उन्होंने बी.ए. किया, 1941 में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में एमए किया तथा वकालत की परीक्षा भी पास की। सन 1940 में उनका विवाह दिल्ली में शकुन्त माथुर से हुआ, जो अज्ञेय द्वारा सम्पादित सप्तक परम्परा ('दूसरा सप्तक') की पहली कवयित्री रहीं। 1943 से 'ऑल इंडिया रेडियो' में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अंग्रेजी और उर्दू के वर्चस्व के बीच हिन्दी को पहचान दिलाई। लोकप्रिय रेडियो चैनल 'विविध भारती' उन्हीं की संकल्पना का मूर्त रूप है। माथुर जी दूरदर्शन के उप-महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए।

गिरिजाकुमार की काव्यात्मक शुरुआत 1934 में ब्रजभाषा के परम्परागत कवित्त-सवैया लेखन से हुई। वे विद्रोही काव्य परम्परा के रचनाकार माखनलाल चतुर्वेदी, बालकृष्ण शर्मा नवीन आदि की रचनाओं से अत्यधिक प्रभावित हुए और 1941 में प्रकाशित अपने प्रथम काव्य संग्रह 'मंजीर' की भूमिका उन्होंने निराला से लिखवायी। उनकी रचना का प्रारम्भ द्वितीय विश्वयुद्ध की घटनाओं से उत्पन्न प्रतिक्रियाओं से युक्त है तथा भारत में चल रहे राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन से प्रभावित है। कविता के अतिरिक्त वे एकांकी नाटक, आलोचना, गीति-काव्य तथा शास्त्रीय विषयों पर भी लिखते रहे हैं। भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद की साहित्यिक पत्रिका 'गगनांचल' का संपादन किया।

गिरिजाकुमार माथुर की बात आज इसलिए क्योंकि 10 जनवरी 1994 को 75 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन हो गया था। गिरिजाकुमार को साहित्य में योगदान के लिए जाना जाएगा और मध्यप्रदेश को गौरवान्वित करने वाले माथुर तारसप्तक का सितारा बन हमेशा साहित्यिक क्षितिज पर चमकते रहेंगे।

**-कौशल किशोर चतुर्वेदी**

# क्या शिक्षा का अधिकार ऐसे ही सार्थक होगा?

राकेश दुबे

यदि हमारे देश भारत के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। निस्संदेह, आर्थिक विकास हमारी प्राथमिकता होता है, लेकिन यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन-यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है।

स्वतंत्र भारत में शैक्षिक सुधार के जो प्रयास हुए,उनका लाभ वंचित समाज को काफी अधिक हुआ है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

देश में आज भी लाखों बच्चे शिक्षा पाने से वंचित हैं। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022-23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। ऐसे में मंथन की जरूरत है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों, नई शिक्षा नीति लागू होने, अधिक स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है। सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के अंतर को संबोधित करने की जरूरत है। ताकि नये दाखिलों को प्रोत्साहन मिले और छात्र भी बीच में स्कूल न छोड़ें।

जरूरत इस बात की है कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे, वहीं स्कूलों में दाखिले को लेकर छात्रों का आकर्षण भी बना रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा को व्यावहारिक बनाने और समय के साथ कदमताल करने की जरूरत है। वहीं दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 प्रतिशत स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। वहीं दूसरी ओर 53 प्रतिशत स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे? प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उनका क्या भविष्य होगा?

विडंबना यह है कि वंचित समाज व कमजोर वर्ग के परिवारों में बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे भी हैं, जिनके पास न तो कंप्यूटर है और न ही स्मार्ट फोन। दरअसल, उनके परिवारों के जीवन यापन का संघर्ष इतना बड़ा है कि कंप्यूटर व स्मार्ट फोन उनकी प्राथमिकता नहीं बन सकते। चिंता की बात यह है कि निम्न मध्यवर्गीय लोग तो निजी स्कूलों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं, लेकिन कमजोर वर्ग के विद्यार्थी कहां जाएंगे? दरअसल, मौजूदा दौर में सिर्फ साक्षरता से खुश नहीं हुआ जा सकता, जरूरत गुणवत्ता की शिक्षा की भी है। ताकि स्कूल से निकलकर विद्यार्थी देश-दुनिया के साथ कदमताल कर सकें।

मंथन इस बात को लेकर भी होना चाहिए कि क्यों लाखों बच्चे स्कूलों की दहलीज तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। आखिर क्यों छात्र स्कूल में दाखिला लेने के बाद पढ़ाई बीच में छोड़कर जा रहे हैं? शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा जब सामाजिक विसंगतियां दूर होंगी। यहां सवाल स्कूलों में शिक्षकों व छात्रों के अनुपात का भी है। यह ठीक है कि स्कूलों के भवनों के स्तर में सुधार हुआ है, स्कूलों में बिजली, पानी व जेंडर अनुकूल शौचालय बने हैं। लेकिन हमारी प्राथमिकता केवल स्कूलों में संरचनात्मक विकास ही नहीं होना चाहिए, बल्कि शैक्षिक वातावरण भी बच्चों की पढ़ाई के अनुकूल होना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# कैलाश मड़बैया को मिला वीरसिंह देव पुरस्कार:2025'



ओरछा,। बुन्देलखण्ड की प्राचीन राजधानी राज्य ओरछा के यषस्वी राजा बीरसिंह देव के नाम पर स्थापित प्रतिष्ठित वीरसिंह देव पुरस्कार-2025, ओरछा नरेष मधुकरषाह जू देव द्वारा, बुन्देली के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ओरछा में खण्ड काव्य 'बेतवा' कृति पर दिया गया। उल्लेखनीय है कि हिन्दी साहित्य में बुन्देलखण्ड की जीवन रेखा बेतवा नदी पर अब तक कोई कृति नहीं थी। उक्त कृति पहली बार प्रकाषित हुई, एक मात्र कृति है जिसकी रचना पद्म श्री कवि कैजाष मड़बैया ने की है।वीरसिंह देव पुरस्कार की स्थापना 1930 में ओरछा राज्य में ही की गई थी जिसमें 2000कल्दार दिये जाते थे। वर्तमान ओरछानरेष मधुकर शाह द्वारा उसी परम्परा में दो हजार रुपये सहित उक्त पुरस्कार श्री कैलाष मड़बैया भोपाल को अंगवस्त्र, मणिमाल सहित सैकड़ों साहित्यिकारों की उपस्थिति में समारोह पूर्वक प्रदान किया गया। मधुकरषाह के साथ सांसद झॉसी श्री अनुराग शर्मा द्वारा उक्त पुरस्कार प्रदान किया गया।

# एसडीएम ने किया स्कूल एवं विभिन्न स्थलों का निरीक्षण

इटारसी //अनुविभागीय अधिकारी टी प्रतिक राव ने इटारसी के



विभिन्न स्थलों, स्कूलों का निरीक्षण किया, साथ ही राजस्व महा अभियान 3.0 अंतर्गत मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का निरीक्षण भी किया 7अनुविभागीय अधिकारी ने सर्वप्रथम नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के साथ बी ओ टी परिसर एवं बैल बाजार का निरीक्षण किया । जिसके बाद उन्होंने मेहरा गांव स्थित नदी मोहल्ले के पास नदी पर रपटा बनाये जाने के लिए निरीक्षण किया तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकार द्वारा शासकीय हास्पिटल का निरीक्षण किया। जहां वार्डो का एवं ओपीडी का निरीक्षण करते हुए अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए । राव द्वारा रेस्ट हाउस इटारसी के सामने स्थित शासकीय स्कूल का निरीक्षण कर स्कूल में चल रहे मध्यान भोजन की जांच की, राव ने स्कूल के बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया एवं बच्चों से संवाद किए। अनुविभागीय श्री राव द्वारा बच्चों से सवाल जवाब करते हुए प्रतियोगिता भी की जिसमें बच्चों के द्वारा सही उत्तर देने पर उन्हें पुरस्कृत किया। श्री राव द्वारा पुरानी इटारसी गोकुलधाम कॉलोनी में नाली एवं ठहरे पानी के संबंध में भी निरीक्षण किया एवं नपा को समस्या हल करने के आवश्यक निर्देश दिए।

# ओवर ब्रिज पर कार की टक्कर से व्यक्ति की मौत में चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**इटारसी**- विगत 25 दिसंबर की रात्रि में स्थानीय ओवरब्रिज हनुमान धाम मंदिर के समीप सो रहे एक व्यक्ति के ऊपर कार चढ़ाकर हुई धटना में सिटी पुलिस ने कैमरे फुटेज के आधार पर उक्त कार चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। थाना इटारसी के पंजीबद्ध मर्ग क्र 84/24 धारा 194 ब्नहस्स् में सूचनाकर्ता सुदर्शन पिता गरीबदास भाट निवासी भाट मोहल्ला इटारसी की रिपोर्ट पर द 25 दिसंबर की रात्र करीब 2/30 बजे ओवर ब्रिज किनारे हनुमान मंदिर के समीप फ़ुटपाथ पर एक अज्ञात पुरूष? जिसकी उम्र करीब 40 वर्ष घायल होकर मृत हो गया था। रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जाँच में लिया गया था, जाँच के दौरान तकनीकी एवं गैर तकनीकी और फुटेज के आधार पर बाराकी से तलाश करने के उपरांत वाहन क्रमांक स्ब्क05 छ्क्4149 के चालक द्वारा घटना दिनाँक को वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर अज्ञात मृतक को फुटपाथ पर एक्सीडेंट कर दिया था जिससे आई चोटो से मृत्यु होना पाया जाने से वाहन चालक के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

# कलेक्टर तथा एसपी ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

औबेदुल्लागंज (संवाददाता)- सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता अभियान के तहत गुरूवार को कलेक्टर अरविंद दुबे तथा पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे द्वारा रायसेन में दोपहिया वाहन रैली को हरी




झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस वाहन रैली में शामिल पुलिसकर्मियों द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने संबंधी स्लोगन लिखे हुए बैनर तथा पोस्टर के माध्यम से नागरिकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेमलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, नशाकर वाहन नहीं चलाने, वाहन तेज गति से नहीं चलाने सहित यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार सहित पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# खजूरिया में कुसुमित फाउंडेशन द्वारा स्कूली छात्रों को बांटे स्वेटर

**बैरसिया।।** कुसुमित फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत खजुरिया रामदास में स्कूली बच्चों को शीत लहर से बचाने स्वेटर जैकेट वितरण किए वही इस मौके पर ग्राम सरपंच सुनीता सुरेंद्र सिंह दांगी ने अपनी ओर से बुजुर्गो को कंबल भी बांटे कार्यक्रम कुसुमित फाउंडेशन के निदेशक मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व महासचिव राजीव शर्मा एवं ग्राम सरपंच के सहयोग से पंचायत भवन परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीसी ओम प्रकाश शर्मा ने की मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुरेंद्र सिंह ठाकुर विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर बीआरसी बालेंद्र सिंह रहे इस मौके पर पूर्व सांसद सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में कोई काम कर रहा है। वह कितनी लगन निष्ठा और प्यार भाव से कितने समर्पण के साथ न केवल अपने भविष्य को देखते हुए बल्कि भारत माता के भविष्य को ध्यान में रखकर कितनी मेहनत के साथ काम कर रहा है।

# पत्रकार चंद्राकर की जघन्य हत्या से उपजा आक्रोश: नीमच जिला प्रेस क्लब ने ज्ञापन सौंप पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग की

## पत्रकार श्री चंद्राकर की निर्मम हत्या करने वालों को फांसी की सजा दी जाए



**नीमच।** छत्तीसगढ़ के पत्रकार श्री मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या से आक्रोशित नीमच जिला प्रेस ने मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू करने सहित स्व. श्री चंद्राकर के हत्यारों को मृत्युदंड की पुरजोर मांग की।

गुरुवार को नीमच जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री श्याम गुर्जर के नेतृत्व में जिला प्रेस क्लब के सदस्यों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर के प्रतिनिधि को सौंपा। ज्ञापन के पूर्व कलेक्टर परिसर स्थित मंदिर पर शोक सभा कर स्व. चंद्राकर को मौन श्रद्धांजलि दी। नीमच जिला प्रेस क्लब सदस्यों ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर विचार रखे।

कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपे ज्ञापन में लिखा गया कि सत्य को पूरी ईमानदारी से लिखने वाले, कई अनैतिक, अवैधानिक गतिविधियों को उजागर करने वाले, जनहित में आवाज उठाकर जन जन की आवाज बनने वाले लोक तंत्र के चौथे स्तंभ के प्रहरी के रूप में काम करने वाले पत्रकारों पर आए दिन हमले हो रहे है। पत्रकारों को जान से मारने की धमकियां मिल रही है और पत्रकारों की हत्या भी हो रही है। यदि ऐसे घटनाक्रम के विरुद्ध कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई और पत्रकारों के हित में कोई ठोस कानून नहीं बना और पत्रकारों को कोई सुरक्षा नहीं मिली तो पत्रकार सत्यता को कैसे उजागर कर पाएगा , कैसे जनहित की आवाज उठा पाएगा, कैसे अनीति के विरुद्ध जनता की आवाज बन पाएगा? इस वीभत्स हत्याकांड के बाद पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाना अति आवश्यक हो गया है। ज्ञापन में बस्तर (छत्तीसगढ़) के के पत्रकार श्री मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या करने वाले दोषियों को फांसी देने की मांग की गई ताकि ऐसी घटना को अंजाम देने वाले लोगों को सबक मिल सके। नीमच जिला प्रेस क्लब ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि देशभर के समस्त पत्रकारों के हित में पुख्ता सुरक्षा उपलब्ध करवाने हेतु पत्रकार सुरक्षा कानून अविलंब बनाया जाए। ज्ञापन देने के पूर्व कलेक्टर परिसर में श्री हनुमान मंदिर पर शोक सभा रखी गई। इस दौरान जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष श्याम गुर्जर ने कहा कि पत्रकार साथियों पर अब अन्याय हो तो हमें संगठित होकर इसका विरोध करना होगा। अत्याचार के विरोध में निरंतर संघर्ष की प्रक्रिया भी जारी है अब समय आ गया है पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बने और सख्ती से लागू हो इसके लिए सभी को संगठित होकर प्रयास करना होगा। प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष विष्णु परिहार ने कहा कि चंद्राकर की हत्या से पूरा पत्रकार जगत स्तब्ध है और

# डीबीपीएस स्कूल में राजकिशोर की स्मृति में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

## 51 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित विधायक विजयपाल एवं पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे भी हुए शामिल





सेमरी हरचंद। गुरुवार को स्व. श्री राजकिशोर जी पटैल की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन धनवंती बाई पटैल स्मृति ऊ. मा. विद्यालय सेमरी हरचंद में किया गया। जिसमें सेमरी हरचंद और सोहागपुर के सेवाभावीयों ने पधारकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान थी। पूर्व मंत्री सुखदेवजी पांसे ने अपने उद्?बोधन में इस कार्यक्रम के सराहनीय कार्य को शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव को नया जीवन देने का सबसे बड़ा दान होता है। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कार्यक्रम में भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदान शिविर में 51 युनिट ब्लड एकत्रित किया गया ।इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि रहें स्ज्ञह्न रेखा गौर, प्रेमनारायण खंडेलवाल , देवेन्द्र ओमकारी जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह गुर्जर ने सफल कार्यक्रम की बधाई दी। शाला संचालक कृष्णकांत पटैल एवं प्राचार्य एवं शाला परिवार के शिक्षक लोचन सिंह पूर्वीया, आदर्श सराठे, ऋषभ सोनी, कु0शीलू राजपूत ,हरिशंकर विश्वकर्मा एवं देवश्री भार्गव ने भी रक्तदान कर अपना सहयोग प्रदान किया। रेडक्रॉस एवं रक्तकोष चिकित्सालय की टीम का संपूर्ण सहयोग रहा। शाला समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पटेल एवं प्राचार्य श्रीमति डॉ.विद्युलता आवटे ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया । रक्तदान शिविर मेनर्मदा पुरम के शह प्रभारी अस्मत सिद्दीकी गुड्डूपुष्पराज सिंह पटेल गुड्डन पांडे राजकुमार केलु उपाध्याय अमृत बिंदु डेरिया राकेश पटेल शिवनारायण पटेल कमोद पटेल रामबाबू अग्रवाल शाहरुख खान सहित कई गणमान्य नागरिकविशेष रूप से उपस्थित रहे

# रेलवे कर्मचारी पर बाघ ने किया हमला

औबेदुल्लागंज (संवाददाता)- घटना चौका मिडघाट के पास की बताई जा रही है एस एन टी रेलवे विभाग सिग्नल ऑपरेटर दिनेश यादव चौका के पास सिग्नल सही करने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे उसी समय बाघ सूअर का शिकार करते उसका पीछा कर रहा था और मोटरसाइकिल पर हमला कर दिया मैंने अपनी मोटर साइकिल वहीं पर छोड़कर हाईवे की तरफ दौड़ लगाकर अपनी जान बचाई



आपको बता दे रातापानी अभ्यारण क्षेत्र टाइगर रिजर्व घोषित किया जा चुका है अभ्यारण क्षेत्र में बाघों की संख्या अधिक है ऐसे में रेलवे कर्मचारी अभ्यारण क्षेत्र में कैसे नौकरी कर पाएंगे यह चर्चा का विषय बना हुआ है

### इनका कहना है

हम रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे थे जैसी हमारा काम खत्म हुआ हम अपनी मोटरसाइकिल के पास आए तो हमने देखा कि कुछ आवाज़ आ रही थी और कुछ ही देर बाद वहां से एक सूअर भागता हुआ नजर आया और उसके पीछे शेर दिखा और शेर को देखकर हम काफी डर चुके थे अपनी मोटरसाइकिल से वहां से निकल रहे थे इस दौरान से ने मोटरसाइकिल पर पंजा मारा लेकिन हम बाल बाल बचे और वहां से निकलने में कामयाब हुए

**दिनेश यादव** रेलवे कर्मचारी

हमको बरखेड़ा रेंजर द्वारा जानकारी प्राप्त हुई थी शेर अपने शिकार का पीछा कर रहा था इस दौरान रेलवे कर्मचारी अपनी मोटरसाइकिल के पास आया आया था इस दौरान शेर से आमना-सामना हुआ रेलवे कर्मचारी काफी डर गया था वही रेलवे कर्मचारियों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और अव वो सुरक्षित हैं और जो भी संभवत मदद होगी वह वन विभाग करेगा और आपके माध्यम से बताना चाहते हैं कि रेलवे कर्मचारी जब भी वन क्षेत्र में जाएं तो दो-तीन लोगों के साथ जाना चाहिए अकेले ना जाएं

**हेमंत रैकवार** वन मंडल अधिकारी औबेदुल्लागंज

# सरकार गरीबों के कल्याण के लिए है कार्य कर रही है: राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी

## 87.98 लाख की लागत के कार्यो का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

दमोह। जबेरा विधानसभा के जनपद तेंदूखेड़ा की ग्राम पंचात बादीपुरा एवं बगदरी में 74.98 लाख की लागत से दो अटल ग्राम सुशासन भवन (पंचायत भवन) का निर्माण किया जायेगा एवं ग्राम पंचायत बगदरी के ग्राम तिंदनी में 13 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया गया है । सरकार गरीबों के हित में निरंतर योजनाएं बनाकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में व्यक्त किये।



इन पंचायत भवन के निर्माण से ग्राम के लोगों को सुविधा प्राप्त होगी जिसमें अधिकारी-कर्मचारी जन बैठकर सभी के कार्य करेंगे। उन्होंने कहा आप सभी को निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का ध्यान रखना है, ताकि मजबूती से भवन निर्माण हो सके अगर किसी भी प्रकार से लापरवाही की जा रही है तो उसकी सूचना हम तक अवश्य पहुंचाये, जिससे संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जा सके।

# मैहर में सर्वसुविधायुक्त जिला अस्पताल के साथ आवासीय कॉलोनी की भी होगी सुविधा: उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मैहर में सर्वसुविधायुक्त जिला अस्पताल के साथ अस्पताल की कॉलोनी भी बनाई जाएगी।उन्होंने मैहर में गोला मठ मंदिर के पीछे न्यू अरकंडी में जिला अस्पताल के निर्माण कार्य के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित स्थल के कचरा डंप यार्ड को मैहर-अमरपाटन की ओर उपयुक्त स्थल पर शिफ्ट करने के निर्देश दिये। विधायक श्री श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़, पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिविल अस्पताल अमरपाटन का किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सिविल अस्पताल अमरपाटन का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डों में जाकर चिकित्सा सुविधाओं एवं उपचार सेवाओं का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सिविल हास्पीटल अमरपाटन में अतिशीघ्र पोस्टमार्टम कक्ष का निर्माण और ब्लड स्टोरेज को सुरक्षित रखने यूनिट के लिए फ्रिज की व्यवस्था की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी उपस्थित रहे।

# समय से पहचान और उचित इलाज से टीबी का पूर्ण उपचार संभव: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## कटनी में निक्षय शिविर में हुए शामिल, उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों, निक्षय मित्रों और संस्थाओं को किया सम्मानित

कटनी। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर-2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस दिशा में मध्यप्रदेश में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। राज्य के 23 जिलों में 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान संचालित किया जा रहा है। इन जिलों में अब तक 20 लाख मरीजों की जांच पूरी हो चुकी है और उन्हें निःशुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीबी पूरी तरह से उपचार योग्य है। समय से पहचान और उचित इलाज से इसका पूर्ण उपचार संभव है। उन्होंने आव्हान किया कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सभी आगे आएं, आमजन को जागरूक करें, टीबी उन्मूलन में सक्रिय योगदान दें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ज़िला चिकित्सालय कटनी में निक्षय शिविर में शामिल हुये।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य कर्मियों से आह्वान किया कि पूर्ण समर्पण से अभियान को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दें। उन्होंने आमजन से स्वास्थ्य कर्मियों को सहयोग प्रदान करने की अपील की है ताकि समाज का सशक्त और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने निक्षय मित्रों की अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिये सराहना की और अधिक से अधिक समासेवियों नागरिकों से टीबी मुक्त भारत अभियान में सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि टीबी के इलाज के लिए निःशुल्क दवा की व्यवस्था है, परंतु दवा की पूरी खुराक और पौष्टिक आहार का सेवन सुनिश्चित करने के लिए समाज की सहभागिता ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि देश को प्रदेश को टीबी से मुक्त बनाने के लिए हम सभी को अपनी ज़िम्मेदारी निभानी होगी।

# पंचायत इंस्पेक्टर साहब तिलौनी के भ्रष्टाचारी सरपंच सचिव को बचाने की कर चुके हैं भीष्म प्रतिज्ञा

## किसके दवाब में है लटेरी जनपद के अधिकारी, ग्राम पंचायत तिलोनी को किस राजनेता का है संरक्षण प्राप्त, तिलोनी सरपंच सचिव को किस राजनेता ने दिया है अभयदान

सिरोंज। एक ऐतिहासिक प्रतिज्ञा महाभारत युद्ध काल में संपूर्ण युद्ध को देखने की भीष्म पितामह द्वारा की गई थी क्योंकि भीष्म पितामह को इक्षा मृत्यु का वरदान था। ऐसी ही प्रतिज्ञा विदिशा जिले की लटेरी जनपद में पंचायत इंस्पेक्टर महेश शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत तिलोनी के भ्रष्टाचारयों को खुले आम संरक्षण दिया जा रहा है या यूं कहें कि महेश शर्मा द्वारा लटेरी जनपद में बैठकर ग्राम पंचायतों के लिए भीष्म पितामह का रोल अदा किया जा रहा है। हम यहां ऐसा इसलिए कह रहे है कि पांचवे वित्त की राशि की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी पंचायत इंस्पेक्टर की होती है, सरकार ने मॉनिटरिंग के लिए बा कायदा नियम कायदे भी जारी कर रखें है, कि किस प्रकार पांचवे वित्त से प्राप्त राशि का उपयोग किस कार्य के लिए करना है। लेकिन जनपद में बैठे इन साहब को तो सिर्फ कमीशन से मतलब है। इनका कमीशन प्रत्येक भुगतान के हिसाब से आता रहे आप कौन कौन के विल लगा रहे हो इनको किसी से मतलब नहीं है। आप अगर पांचवे वित्त से प्राप्त राशि की शिकायत भी करोगे तो कुछ नहीं कर पाओगे क्योंकि जनपद में पंचायत इंस्पेक्टर साहब जो बैठे हैं। इससे पहले भी ग्राम पंचायत तिलोनी की शिकायत की जांच कर साहब पंचायत को क्लीन चिट दे चुके है।

### आखिरकार कौन है पंचायत इंस्पेक्टर साहब

पुष्पा स्टाइल में रहने वाले महेश शर्मा के बारे में जनपद के कर्मचारियों द्वारा बताया जाता है कि साहब विदिशा के निवासी हैं। साहब की मंत्री और अफसरों से अच्छी पकड़ बताई जाती है, इसीलिए साहब हमेशा अकड़ में रहते हैं। जिला एवं जनपद सीईओ का पंचायत इंस्पेक्टर को बिल्कुल भी भय नहीं है। क्योंकि जिला सीईओ और जनपद पंचायत सीईओ हमेशा साहब की जेब में रहते है, ऐसा हम नहीं कह रहे है पंचायत साहब कहते है, पंचायत साहब के कार्यकाल के दौरान लटेरी जनपद की ग्राम पंचायत तिलोनी ने राज्य स्तर से प्राप्त होने वाली पांचवे वित्त की राशि से विकाश की गाथा जो लिखी है बह किसी से छिपी नहीं है। पंचायत तिलोनी को प्राप्त होने बाली पांचवे वित्त की राशि की जांच जिला सीईओ साहब जिम्मेदाराना तरीके से करा लें तो सरपंच सचिव और जिन बागड़ विल्लों के खातों में राशि गई है बे सब चहारदीवारी के अंदर दिखाई देंगे।

### बड़े बड़े फॉर्म हाउस होटल स्विंगपूल और हथियारों के शौकीन है पंचायत साहब

साहब के बारे में जानकारी मिली है कि साहब ने कुछ दिन पहले लटेरी सिरोंज रोड पर करोड़ों की जमीन खरीदी है, इस जमीन पर साहब के सपनों के रंग महल का निर्माण भी शुरू हो चुका है। लोग बताते है कि बड़े स्तर पर स्विमिंग पूल और होटल का निर्माण कार्य चल रहा है। एक बात और साहब के विषय में निराली है कि साहब बड़े बड़े असलों के



शौकीन है। इनके हथियारों को देखकर ही शिकायत कर्ताओं के पसीने छूट जाते है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि साहब ने इन असलों के लाइसेंस ले रखे है उस फिर दो नंबर में अपने पास रख रहे हैं। खैर ये छोड़िए लाइसेंस की जांच करना तो कलेक्टर साहब का काम है। साहब ने अपनी पंचायत इंस्पेक्टर की नौकरी में इतना पैसा कमा लिया कि इनके ठाट बाट के सामने अच्छे अच्छे धनाढ्य तक इनकी बराबरी नहीं कर पाते। लटेरी जनपद की ग्राम पंचायत तिलोनी में 2022-23 और 2023-24 में पांचवे वित्त ओर अन्य अन्य मदों को मिलाकर लगभग पैंतालीस लाख की राशि प्राप्त हुई है, इस राशि का उपयोग ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के लिए किया जाना था, लेकिन यह संपूर्ण राशि नियमों को दरकिनार कर महेश शर्मा पंचायत इंस्पेक्टर साहब ने आहरण करने में सहयोग प्रदान कर और जांच में लीपापोती कर सरकारी खजाने को क्षति पहुंचाने का काम किया है। साहब का काम करने का अंदाज ही अलग है, साहब पैसा निकलवाने से लेकर जांच तक की गारंटी लेते है, ऐसी ही शिकायतें कई पंचायतों में हो चुकी है, लेकिन साहब का जलवा है कि जांच साहब को ही प्राप्त होती है, ओर साहब जनपद में बैठकर अपने हिसाब से निपटा लेते है, इससे सरपंच सचिव का भ्रष्टाचार करने का मनोबल बढ़ता है।

### क्या कहते हैं शिकायत करने वाले ग्रामीण

मेरे पिता जी के नाम से प्रधानमंत्री आवास मिला है, इसकी मजदूरी की सम्पूर्ण राशि सरपंच सचिव ने अपने खातों में डाल कर निकाल ली है, ओर ग्राम पंचायत में पांचवे वित्त और मनरेगा योजना में भ्रष्टचार हुआ है मेरे द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर विदिशा की की गई है, पंचायत इंस्पेक्टर द्वारा बोला जा रहा है कि शिकायतों से कुछ नहीं होता इसलिए आप अपनी शिकायत वापिस कर लो।

### नेपाल यादव तिलोनी

मुझे और मेरे परिवार के पांच लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिला है, इनकी मजदूरी की सम्पूर्ण राशि सरपंच सचिव ने अपने खातों में डाल कर निकाल ली है, ओर ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना सहित सभी योजनाओं में भ्रष्टचार हुआ है मेरे द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर विदिशा में की गई है, पंचायत इंस्पेक्टर द्वारा शिकायत की मनमाने तरीके से जांच की जा रही है

### कमलसिंह बंजारा कार्राबरी

मेने दो खेत तालाब मंजूर करवाए थे मेरे द्वारा मंजूर करवाए गए दोनों खेत तालाबों की राशि विना कार्य किए निकाल ली गई है। पांचवे वित्त की राशि के विल सरपंच सचिव अपने परिवार बालों के नाम मुरम बोल्डर के डाल रहे है, मेने इसकी शिकायत विदिशा कलेक्टर से की है, पंचायत इंस्पेक्टर महेश शर्मा द्वारा जांच के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है।और शिकायत वापिस लेने का दवाब बनाया जा रहा है।

हल्कुराम यादव नागौरी

## ऑक्सीजन निर्माता कंपनी आयनोक्स प्रोडक्ट्स ने असहाय विद्यार्थियों की सहायता हेतु राशि प्रदान की




देश की अग्रणी मेडिकल ऑक्सीजन निर्माता कंपनी आयनोक्स एयर प्रोडक्ट्स द्वारा प्रदेश में गरीब व असहाय विद्यार्थियों की सहायता करने वाली गैर-सरकारी सामाजिक संस्था सरस्वती ग्रामोदय शिक्षा विकास समिति गोविन्द नगर, बनखेड़ी, को उनके शिक्षण संस्थान सरस्वती ग्रामोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन हेतु कंपनी ने अपने सी.एस.आर. फण्ड से रु. 5.75 लाख की राशि दान स्वरुप दिनांक 9 जनवरी- को प्रदान की गई। इस दान राशि को यह संस्था अपने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु उच्च कोटि के नवीन तकनीक से सुसज्जित उपकरण क्रय करने में उपयोग करेगी। शिक्षा में सहायक इन उच्च तकनीकी उपकरणों द्वारा ग्रहण शिक्षा से पिछड़े क्षेत्रों के गरीब व असहाय विद्यार्थी भी महानगरीय स्तर की शिक्षा ग्रहण करने में सक्षम होंगे जिससे की उन्हें आज के आधुनिक युग में प्रतिस्पर्धात्मक तौर पर तैयार किया जायेगा। आयनोक्स एयर प्रोडक्ट्स ने अपने बिज़नेस हेड श्री अनिल खमेसरा के द्वारा इस राशि का चेक विद्या भारती मध्य भारत प्रान्त के सह-संगठन मंत्री श्री अनिल अग्रवाल व सरस्वती ग्रामोदय शिक्षा विकास समिति के प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र गुर्जर जी को मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के मैनेजर श्री राकेश तिवारी जी की उपस्थिति में प्रदान किया।

## टाटा मोटर्स की ई-बसों का रिकॉर्ड सफर: 25 करोड़ किलोमीटर का आंकड़ा पार

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स, ने आज एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की है। कंपनी की 3100 इलेक्ट्रिक बसों ने देश के 10 शहरों में मिलकर 25 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय कर ली है। यह दूरी धरती के चारों ओर 6200 से भी ज्यादा बार चक्कर लगाने के बराबर है। इन बसों ने रोजाना औसतन 200 किलोमीटर की दूरी तय की है, जिससे पर्यावरण के संरक्षण और वायु प्रदूषण को कम करने में बड़ा योगदान दिया है। इन 25 करोड़ किलोमीटर के सफर ने करीब 1.4 लाख टन सीओ2 उत्सर्जन बचाया है, जो एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में एक अहम कदम है। इस उपलब्धि की घोषणा करते हुए, असीम कुमार मुखोपाध्याय, सीईओ और एमडी, टीएमएल स्मार्ट सिटी मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने कहा, हम बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं कि हमारी इलेक्ट्रिक बसों ने 25 करोड़ किलोमीटर का सफर तय किया है। खास बात यह है कि बीते 12 महीनों में ही हमने 15 करोड़ किलोमीटर का आंकड़ा पार किया है, जो यह साबित करता है कि लोग और राज्य परिवहन विभाग पर्यावरण के अनुकूल यातायात विकल्पों को तेजी से अपना रहे हैं।

## मर्सिडीज़-बेंज ने भारत में इस साल अपने इतिहास की सबसे ज्यादा सेल दर्ज

मुंबई, एजेंसी। मर्सिडीज़-बेंज भारत में सबसे डिज़ायरेबल लग्ज़री कार ब्रांड है। यह 1994 से भारत में युवा भारतीय ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा कर रहा है और अब तक 200,000 लग्ज़री कार बेच चुका है। पिछले छः महीनों (2019-2024) में में इनमें से 100,000 यूनिटें बेची गईं, जिससे भारतीयों की मर्सिडीज़-बेंज का स्वामित्व पाने की बढ़ती इच्छा प्रदर्शित होती है। भारत में मर्सिडीज़-बेंज की रणनीति, 'डिज़ायर टू एक्सीड' है। यह ग्राहकों को अतुलनीय अनुभव प्रदान करने, उत्पाद में नए इनोवेशन करने और सर्विसिंग एवं बीईवी चार्जिंग के लिए लग्ज़री नेटवर्क का विस्तार करने पर केंद्रित है। जनवरी-दिसंबर 2024 की अवधि में 19,565 यूनिट्स के साथ अब तक की सबसे अधिक सेल (जनवरी-दिसंबर 2023~ 17,408 यूनिट, +12.4 प्रतिशत); ॥2 2024 (जुलाई-दिसंबर'24) में 16 प्रतिशत की ज़बरदस्त वृद्धि।

## पैसालो डिजिटल लिमिटेड भारत के दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुँचा

**मुंबई, एजेंसी।** पैसालो डिजिटल लिमिटेड (बीएसई 532900, एनएसई), एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी), ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की है, जिसने दो वर्षों के भीतर 59 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान की है और अपने मजबूत नेटवर्क के माध्यम से 3,400 करोड़ रुपये से अधिक के लेन-देन शुरू किए हैं। इसका श्रेय उनके बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट के मजबूत सहयोग और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) जैसे प्रमुख बैंकिंग साझेदारों के साथ साझेदारी को जाता है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि पैसालो की वित्तीय समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो प्रमुख वित्तीय संस्थानों के साथ प्रौद्योगिकी और मजबूत साझेदारी का उपयोग करके भारत की अल्प वित्तीय सहायता प्राप्त जनसंख्या को सुगम बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करती है।

## गेम्स24×7 ने टेकएक्सपेडाइट एक्सलरेटर प्रोग्राम के लिए 17 स्टार्टअप्स की फाइनल लिस्ट जारी की

**इंदौर, एजेंसी।** गेम्स24×7 ने आज अपने एक्सलरेटर प्रोग्राम टेकएक्सपेडाइट के लिए देशभर के 17 स्टार्टअप्स की अंतिम सूची जारी की। इसमें इंदौर के उभरते स्टार्टअप वॉकबोट डॉट एआई ने भी जगह बनाई है। कर्नाटक सरकार, तेलंगाना सरकार, महाराष्ट्र सरकार और डीपीआईआईटी समेत विभिन्न सरकारी इकाइयों के समर्थन से टेकएक्सपेडाइट का उद्देश्य भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम में उद्यमिता और टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन को बढ़ावा देना है। अक्टूबर, 2024 में लॉन्च किए गए टेकएक्सपेडाइट को शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इसके लिए तीन श्रेणियों - गेमिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और इंपैक्ट आधारित समावेशी टेक्नोलॉजी में काम कर रहे 330 से ज्यादा स्टार्टअप्स ने आवेदन किया था। इनमें से 17 उभरते स्टार्टअप्स को मजबूत एक्सलरेटर प्रोग्राम के लिए चुना गया है। इसका उद्देश्य उनके विकास एवं बाजार पर उनके प्रभाव को गति देना है।

## सैमसंग 22 जनवरी को मोबाइल एआई के क्षेत्र में लाएगा नई क्रांति

**मुंबई।** एआई अनुभव को और भी आसान और स्मार्ट बनाने के लिए तैयार हो जाइए! गैलेक्सी एआई का नया वर्जन जल्द ही आपके मोबाइल के रोजमर्रा के इस्तेमाल को और बेहतर बनाएगा। नई गैलेक्सी एस सीरीज आपके एआई अनुभव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 22 जनवरी को सैन जोस में अनपैक्ड इवेंट आयोजित करेगा, जिसमें मोबाइल एआई के नए युग की शुरुआत होगी। इस इवेंट में प्रीमियम गैलेक्सी इनोवेशंस पेश किए जाएंगे, जो आपकी जिंदगी को पहले से भी ज्यादा सुविधाजनक बना देंगे।

# अनुशासन और चरित्र से लक्ष्य हासिल होता है : डॉ राजीव जैन







आई ई एस यूनिवरसिटि के प्रबन्धन विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में भोपाल मैनेजमेंट के फैकल्टी ने तीसरे सत्र में कहा कि आज के तकनीकी युग मे प्रबंधन की सबसे बड़ी भूमिका है अनुशासन और और चरित्र से ही लक्ष्य हासिल हो सकता है उन्होंने कहा हार होती है तो मान लिया जाता है जीत तब होती है जब ठान लिया जाता है अतिथि वक्ता जी के छिब्बर अधिवक्ता ने अपने व्याख्यान में भोपाल मैनेजमेंट की भूमिका पर जोर दिया, और कहा स्टूडेंट चैप्टर विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान मिलेगा वर्कशॉप संगोष्ठी, नेटवर्किंग कार्यक्रमों और में भाग लेने के अवसर प्रदान करेगा, जिससे सक्षम प्रबंधक पेशेवरों के रूप में उनके विकास को बल मिलेगा। इस अवसर पर 25 प्रबंधन के छात्रों ने बीएमए चैप्टर की सदस्यता ग्रहण की। आईईएस मैनेजमेंट विभाग द्वारा 2 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आज पहला दिन था जिसमे 4 सत्र हुवे और प्रबंधन के विशेषगो ने व्याख्यान दिए।

## पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह दिखाएंगे आदिवासी जीवन पर बनी फिल्म

### मुख्यमंत्री को भी दिया निमंत्रण



भोपाल। अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कांग्रेस और भाजपा के नेताओं को बैतूल के आदिवासियों के विद्रोह पर बनी फिल्म दिखाएंगे। विधानसभा के मानसरोवर सभागार में 13 जनवरी को फिल्म (जंगल सत्याग्रह) का प्रीमियर शो आयोजित किया जाएगा। दिग्विजय ने इस शो के लिए कांग्रेस और भाजपा के विधायकों, सांसदों, पूर्व विधायकों और मंत्रियों समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं को निमंत्रण भेजा है। सिंह ने सीएम हाउस पहुंचकर इस शो के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को भी न्यौता दिया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और अन्य सीनियर कांग्रेस नेताओं को भी फिल्म के प्रीमियर शो में शामिल होने का न्योता दिया है। राज्यपाल मंगू भाई पटेल को भी वे निमंत्रण देने जाएंगे। दिग्विजय के पीएस सचिन वत्स और मीडिया कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह परिहार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को भी निमंत्रण भेजा है। साथ में मोहन सरकार के मंत्रियों और भाजपा विधायकों को भी निमंत्रण भेजा जा रहा है। बता दें कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक बहुचर्चित आंदोलन जंगल सत्याग्रह में बैतूल के आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ 1930 में विद्रोह का बिगुल फूंका था। इस आंदोलन में आदिवासी नायक सरदार गंजन सिंह कोरकू, सरदार विष्णु सिंह गोंड, ठाकुर मोहकम सिंह, रामजी कोरकू और जुगरू गोंड द्वारा 1930 में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जल, जंगल और जमीन के लिए किए गए संघर्ष को फिल्म में दिखाया गया है। इस सत्याग्रह पर आधारित फिल्म जंगल सत्याग्रह का निर्माण बैतूल के स्थानीय कलाकारों ने किया है।

## कैसे जीती जा सकेंगी कैंसर की जंग, बता रही है अमेरिका की जानी मानी साइंटिस्ट डॉ पल्लवी तिवारी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में जन्मी पली और पढ़ी और अब अमेरिका की जानी-मानी साइंटिस्ट डॉक्टर पल्लवी तिवारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से बताया है कि भविष्य में कैसे कैंसर की जंग जीती जा सकती है। एक उदाहरण को प्रस्तुत करते हुए उन्होंने विस्तार से कैंसर बीमारी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बता सकता है कि कैंसर का पिन पॉइंट इलाज क्या है और इससे कैसे छुटकारा पाया जा सकता है। डॉक्टर पल्लवी तिवारी ने यह बात अमेरिका के सुप्रसिद्ध के दौरान भारी जन समूह के बीच बड़े विश्वास के साथ कहीं। डॉ पल्लवी तिवारी बताती है कि इस भयानक बीमारी से डरने के बजाय भविष्य इसका मुकाबला कैसे किया जा सकता है। वे तो यहां तक बताती है कि जैसे हम अन्य बड़ी बीमारियों का इलाज करते हैं वैसे ही हम कैंसर का इलाज कर अपने जीवन को बचा सकेंगे। अवश्य देखिए डॉक्टर पल्लवी तिवारी का यह 13 मिनट का वीडियो। अगर पसंद आए तो लाइक भी करिए और शेयर भी करिए।

### मां नर्मदा चौराहे का लोकार्पण और नार्मदीय ब्राह्मण समागम कल

## 10 हजार समाजजन रहेंगे मौजूद, मुख्यमंत्री डॉ मोहन भी होंगे शामिल




**इंदौर।** मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में 11 जनवरी को नवनिर्मित मां नर्मदा चौराहे का लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इस मौके पर मां नर्मदा की 8 फीट ऊंची अष्टधातु की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस प्रतिमा को ग्वालियर के कलाकार अनुज राय ने तैयार किया है। चौराहे पर महेश्वर का किला, भेड़ाघाट की प्रतिकृति और शंख फाउंटेन जैसी आकर्षक संरचनाएं प्रमुख आकर्षण का केंद्र होंगी। यह चौराहा पूरी तरह मूवेबल तकनीक पर आधारित है, जिसे भविष्य में स्थानांतरित भी किया जा सकता है।

**11 और 12 जनवरी को नार्मदीय ब्राह्मण समाज का सम्मेलन:** इंदौर के लालबाग परिसर, जिसे अब नर्मदा परिसर नाम दिया गया है, में नार्मदीय ब्राह्मण समागम आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन प्रदेश में पहली बार हो रहा है, जिसमें देश-विदेश से 10,000 से अधिक समाजजन शामिल होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मां नर्मदा के संरक्षण का संकल्प लेना है। साथ ही 12 जनवरी सुबह 10 बजे मां नर्मदा संदेश यात्रा निकलेगी, जो लालबाग परिसर तक पहुंचेगी। इसके बाद महासम्मेलन होगा।आयोजन में समाज की संस्कृति और प्रगति को दर्शाने के साथ ही बॉलीवुड कलाकार खुशबू अत्रे, आभास-श्रेयस जोशी, और अन्य प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी।

## मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान अंतर्गत कलेक्टर के निर्देश पर लगा जनकल्याण शिविर

बैरसिया। पिछले मंगलवार को जब जनसुनवाई में ग्राम पनिया के अनेक ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह से भेंट करने भोपाल पहुंचे थे इसी समस्या को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के द्वारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल ऋतुराज के द्वारा एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा को तत्काल ग्राम पनिया में शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए थे

जिसके परिपालन में 9 जनवरी 2025 को ग्राम पनिया में जो की जमुसर कला ग्राम पंचायत में आता है, ब्लाक स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया

इस शिविर में एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैरसिया दिलीप कुमार जैन तहसीलदार बैरसिया करुणा दंडोतिया सहित सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ग्रामीणों ने मौके पर वन भूमि पर स्थित ग्राम को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने, ग्राम में पेयजल की समस्या होने, ग्राम के शमशान घाट में टीन शेड न होने, इमरजेंसी होने पर ग्राम की माता एवं बहनों की सुरक्षा के लिए जननी सुरक्षा की वाहन के ग्राम में ना पहुंच पाने, एवं ग्राम में मुख्य मार्ग से ग्राम तक डामर रोड निर्माण तथा गांव के अंदर ही सीसी रोड के निर्माण की मुख्य मांगे रखी गई कलेक्टर भोपाल के आदेश पर पीएचई विभाग की एसडीओ अपराजिता पांडे द्वारा तत्काल बोरिंग मशीन गांव में बुलवाई गई एवं ग्राम में पेयजल की समस्या के निवारण हेतु बोर खनन का काम तत्काल शुरू कराया गया। उक्त कार्य पीएचई विभाग के द्वारा कल ही प्रारंभ कर दिया गया था परंतु एक बोर के असफल होने के बाद दूसरा बोर तत्काल खनन करने का कार्य शुरू कराया गया ताकि ग्रामीणों की पेय जल की समस्या का त्वरित निराकरण हो सके इस बोर में मशीन डालकर इससे घर-घर पानी पहुंचाया जाएगा जिससे पनिया ग्राम के ग्रामीण जनों की पेयजल की समस्या का निराकरण होगा ग्रामीण जनों द्वारा ग्राम में स्थित श्मशान घाट में टीन शेड नहीं होने की समस्या बताई गई एवं बारिश अथवा विपरीत मौसम में अनेक कठिनाइयां होने की बात बताई गई जिस पर जनपद पंचायत बैरसिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा तत्काल ग्राम पनिया के शमशान घाट में टीन शेड निर्माण की स्वीकृति की घोषणा की गईशिविर में उपस्थित ग्रामीण जनों के द्वारा जननी सुरक्षा के वाहन गांव में ना आने संबंधी समस्या बताए जाने पर वहां उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी को कलेक्टर महोदय के निर्देश पर एसडीएम बैरसिया के द्वारा तत्काल निर्देशित किया गया कि आवश्यकता पड़ने पर ग्राम में तत्काल जननी सुरक्षा का वाहन भेजा जाए ताकि ग्रामीण जनों को स्वास्थ्य सुविधाओं कालाभ प्राप्त हो सकेग्रामीण जनों द्वारा ग्राम में आंगनवाड़ी खोले जाने की मांग पर बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रियंका दीवान द्वारा बताया गया कि उक्त संबंध में प्रस्ताव पूर्व में प्रेषितकिया जा चुका है एवं पुनः एक बार शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगाग्रामीण जनों द्वारा सड़क निर्माण पर लोक निर्माण विभाग के द्वारा प्रकरण तैयार किया जाकर वन विभाग को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करने हेतु एसडीएम बैरसिया द्वारा निर्देशित किया गया।

## भारत प्रापर्टीज के तत्वावधान में राज्य स्तरीय आष्टा चैम्पियन ट्राफी आष्टा प्रीमियम लीग का हुआ शुभारंभ



आष्टा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने एपीएल-9 का सुभाष ग्राउंड पर शुभारंभ किया। इसका प्रथम इनाम 70000 रुपए एवं आकर्षक ट्राफी एवं दूसरा इनाम 30000 रुपए एवं आकर्षक ट्राफी। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि खेल जीवन का अहम हिस्सा है हर व्यक्ति को खेल से जुड़ना चाहिए ये मानसिक तनाव भी कम करता है और बीमारियों से दूर रखता है। मैं आप सभी को शुभकामनाएं। आपने मेरे सामने जो मांगे रखी है मैं उनको पूरा करूंगा हमेशा खिलाड़ियों के साथ हूं आपको पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो भी मेरी पहचान इस नगर में है वह इस मैदान से मुझे मिली है। मैं स्वयं भी खिलाड़ी रहा हूं और इस मैदान पर खूब क्रिकेट खेला हूं। खिलाड़ियों की भावना एक जनप्रतिनिधि से क्या रहती है भलीभांति समझता हूं। आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको मैदान पर जो भी सुविधाओं का अभाव है वह सभी शीघ्र ही पूर्ण किए जाएंगे। इस अवसर पर टूनामेंट कमिश्नर हरेंद्र ठाकुर एवं अध्यक्ष भैया उच ने विधायक जी एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह जी का स्वागत किया।

### आष्टा थाना के नए टीआई बने गिरीश दुबे

## दुबे ने कहा आष्टा क्षेत्र की कानून व्यवस्था बेहतर रहे यही प्रयास रहेगा ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुधार किया जाएगी



आष्टा। आष्टा के नए थाना प्रभारी के रूप में नगर निरीक्षक गिरीश दुबे ने चार्ज लिया है उन्होंने आज शहर के मीडिया से मुलाकात की। बता दे की दुबे सीहोर के कोतवाली थाने में पदस्थ थे और वहां से स्थानांतरित होकर आष्टा थाने में नए थाना प्रभारी के रूप में पद स्थापना हुई है। इससे पहले दुबे आष्टा के मेना चौकी में सहायक उप निरीक्षक 2010 में रह चुके हैं,आष्टा थाने में भी दुबे रह चुके है। सीहोर जिले के साथ-साथ विदिशा, रायसेन, भोपाल जिलों में भी पदस्थ रह चुके हैं। टीआई दुबे ने कहा कि क्षेत्र की कानून व्यवस्था बेहतर रहे यही मेरा प्रयास रहेगा क्षेत्र के अपराधों में रोक लगे साथ ही शहर के ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुधार किया जाएगा।

नाबालिक वाहन चला रहे उन पर भी कार्रवाई की जाएगी

दुबे ने कहा कि शहर में नाबालिक दो पहिया और चार पहिया वाहन चलाते हुए पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि शहर के कन्नौज रोड, कॉलोनी चौराहा ,भोपाल नाका और अस्पताल चौराहा पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी है इन क्षेत्रों में ट्रैफिक बेहतर हो सके उसे दिशा में प्रयास किए जाएंगे। साथी कोचिंग सेंटर क्षेत्र पर भी ध्यान दिया जाएगा और अभिभावकों को समझाइए दी जाएगी। दुबे ने कहा कि आप सब भी समय-समय पर बताते रहे शहर में जो भी अच्छा हो सकेगा किया जाएगा।

## कलेक्टर ने किया जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन



नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने डाइट कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यहां छात्र- छात्राओं द्वारा गणित विषय के 14, विज्ञान विषय के 13, पर्यावरण विषय के 11 एवं सामाजिक विज्ञान विषय के 35 उत्कृष्ट मॉडल बनाये गये हैं। कलेक्टर ने इन मॉडलों का अवलोकन कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित माध्यमिक विद्यालय के 97 एवं हाई स्कूल के 16 प्रतिभागियों द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल हुए। उन्होंने गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषय के मॉडल, मंचीय विद्या लघु नाटिका, सेमिनार लघु गायन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में कम्प्यूटेशनल सोच, इतिहास, कृषि, पर्यावरण के लिए जीवन शैली, कृषि, भूगोल, स्वास्थ्य, सामाजिक राजनीतिक जीवन, संचार, परिवहन विषय पर उत्कृष्ट मॉडल और स्वास्थ्य एवं दीर्घ जीवन के लिए मोटा अनाज (श्रीअन्न) पर सेमिनार में 14, लघु नाटिका में नारी सशक्तिकरण, बाजार के बदलते स्वरूप, बदलते सामाजिक एवं आर्थिक परिदृश्य, भारतीय संस्कृति विविधता एवं अन्य 12 लघु नाटिका और लघु गायन में 14 विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय स्वरचित गीत में सहभागिता की।

### फिट एण्ड फाइव क्लब द्वारा निकाली मैराथन दौड़

## जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी रहे शामिल

**आष्टा।** फिट एण्ड फाइव क्लब के तत्वावधान में भव्य खेल महोत्सव एवं मैराथन दौड़ का आयोजन स्थानीय कम्युनिटी हाल परिसर से प्रारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ क्लब के संरक्षक विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य एवं क्लब अध्यक्ष नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ। मैराथन दौड़ में बड़ी संख्या में शिक्षण संस्थान सृजन कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, एसबीएस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थीगण मौजूद थे। अतिथियों द्वारा मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर कम्युनिटी हाल परिसर से रवाना किया जो भोपाल नाका, कन्नौद रोड, कॉलोनी चैराहा, गल चैराहा बुधवारा रोड, परदेशीपुरा, अस्पताल चैराहा होते हुए सुभाष मैदान पर पहुंची। जहां संरक्षक विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि फिट एण्ड फाइव क्लब द्वारा आयोजित मैराथन दौड़ स्वास्थ्य व स्वच्छता का संदेश देने का उद्देश्य है। स्वच्छता रहेगी तो हम फिट रहेंगे और हम फिट रहेंगे तो हमारा परिवार फिट रहेगा। विधायक श्री इंजीनियर ने उपस्थित स्कूली विद्यार्थियों से कहा कि फिट रहने के लिए अलसुबह उठे, व्यायाम करें और अपने आपको स्वस्थ बनाए रखें। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने मैराथन दौड़ के समापन कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि क्लब द्वारा निकाली गई मैराथन दौड़ स्वच्छ रहने, स्वस्थ्य रहने व खेल के प्रति रूचिवान रहने का संदेश देती है।

## ग्राम पंचायत गोंगावरी में आयोजित शिविर में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

**नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के दौरान जिले की ग्राम पंचायत गोंगावरी में लगाये गये शिविर में लोकसभा सांसद चौ. दर्शन सिंह ने अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, अभिलाष मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद रहे। सांसद चौ. सिंह ने ग्रामीणों की समस्यायें सुनी, उनसे आवेदन लिये और संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सुगमता से पहुंचे इसके लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत गांव- गांव और शहरों वार्डों में शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से जनसमस्याओं का समाधान भी किया जाये। जो भी ग्रामीण पात्र होने के बाद भी योजनाओं का लाभ लेने से छूट गये हैं वे यहां आवेदन दें, जिससे उन्हें भी योजनाओं का लाभ मिल सके। सांसद चौ. सिंह ने कहा कि गांव में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजन अपना आयुष्मान कार्ड जरूर बनवायें। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले की ग्राम पंचायतों व शहरी वार्डों में लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है।


**कार्यालय नगर निगम,**
**भोपाल विद्युत शाखा**
**प्रथम तल, आई.एस.बी.टी. भवन, होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल - 462023**
**निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र**

क्र. 747/वि.शा./2025 भोपाल दिनांक 08.01.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | आनलाईन टेंडर क्र. | कार्य स्थल का माम | निविदा अवधि | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओआर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_ UAD_ 387051_2 | Supplying and fixing of LED Flood lights at Various places (Bhori, Bairaghar kala etc.) W.No.03 Zone No. 01 under BMC, Bhopal. (Second Call) | 08.01.2025 से 22.01.2025 तक | 82,944/- | 1,659/- | 1,000/- | As per as Tender Docume nt | MPUADD electrical issr 2021 SOR | 1 Month |
| 2. | 2024_ UAD_ 387112_2 | streeflighting arranement (RSJ pole, Street light cable) at Halalpura, Jain Nagar Laukhedi Ward No. 06, Bhopal. (Second Call) | 08.01.2025 से 22.01.2025 तक | 3,55.411/- | 3,554/- | 2,000/- | As per as Tender Docume | MPUADD electrical issr 2021 SOR NON SOR ITEM | 1 Month |
| 3 | 2024_ UAD_ 387036_2 | Supplying and erecting of street light Mini Pole at various places (Bhori, Bairaghar kala, Adrsh Nagar and Kumar Mohalla in W.No.03 zone 01, under BMC, Bhopal. (Second Call | 08.01.2025 से 22.01.2025 तक | 81.840/- | 1,637/- | 1,000/- | As per as Tender Docume | MPUADD electrical issr 2021 SOR | 1 Month |

नियम व शर्ते :1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

2. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

नि.क्र. /085/024 1025

सहायक यंत्री (विद्युत)
नगर निगम भोपाल

## अंत्योदय दीनदयाल रसोई संचालन का महापौर विक्रम अहाके लिया जायजा



छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश की जनहितैषी भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक अंत्योदय दीनदयाल योजना जिसमें की मात्र 5 रुपए में भर पेट भोजन दिया जाता है ,जिसका क्रियान्वयन नगर पालिक निगम के सहयोग से किया जाता है, जिसके संचालन का जायजा लेने महापौर विक्रम अहके जी पहुंचे जहां भोजन कक्ष में पहुंचकर भोजन ग्रहण किया साथ ही भोजन की गुणवत्ता की एवं आने जाने वाले लाभार्थियों की जानकारी प्राप्त की इस दौरान साथ में सभापति नमिता मनोज सक्सेना जी एवं उपस्थित स्टॉफ मौजूद था इस दौरान महापौर जी ने सफल क्रियान्वयन के लिए बधाई दी एवं आगे भी इसी तरह उचित गुणवत्ता के साथ साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए संचालित करने हेतु निर्देशित किया ।

## अग्निकांड पीड़ितों के घर पहुंची नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी हर संभव मदद का दिया आश्वासन



**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा के पिपरिया राजगुरु में रविवार को रात्रि करीबन 10 बजे गैस लीक होने से 2 पीड़ित राजेश वंशकार और राजकुमार वंशकार के मकान और सारा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया था ।जिसके बाद आज *नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी* पीड़ित परिवार के घर पहुंच ठंड से बचने के लिए कंबल एवम जरूरत का सामान दिया और हाल चाल जाना ।सचिव सरपंच और संबंधित पटवारी को जल्द से जल्द मुआवज़ा प्रकरण बनाने एवम् दोनो परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया और शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया ।

## अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के नगर अध्यक्ष बिंजुरकर नियुक्त



**छिंदवाड़ा।** काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट मंडल कमीशन स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट रामजी महाजन आयोग की रिपोर्ट सहित सभी क्षेत्रों में निजी निजी व्यावसायिक मीडिया शासकीय व अशासकीय संस्थाओं में एससी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी के लिए लगातार जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी न्यायिक क्षेत्र में कॉलेजियम सिस्टम में भी प्रतिनिधित्व एवं ओबीसी का कालम भारतीय जनगणना में शामिल करने को लेकर पूरे भारत में अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी ललित कुमार कार्यवाहक अध्यक्ष एडवोकेट तुलसीराम पटेल राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट देवेंद्र वर्मा मध्यप्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट इंद्रकुमार पटेल की सहमति से प्रदेश सचिव भरत सूर्यवंशी की अनुशंसा पर कुर्मी क्षत्रिय समाज के नगर अध्यक्ष छिंदवाड़ा एवं हनुमान सेवा समिति छिंदवाड़ा के कोषाध्यक्ष सहित वकालत के क्षेत्र में कार्य कर रहे एडवोकेट सतीश बिंजुरकर छिंदवाड़ा को अखिल भारतीय ओबीसी महासभा का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है और उन्हें जिला अध्यक्ष ने संगठन की जिम्मेदारी देते हुए शीघ्र ही संगठन का विस्तार किए जाने के निर्देश भी दिए गए अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के जिला इकाई छिंदवाड़ा के पदाधिकारी ने एवं शुभचिंतकों ने श्री बिन्जुरकर को नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई प्रेषित किया है !

## गबन कांड कोषालय ने पकड़ी हर्रई विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश कालंबे की करतूत



**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा में संचालित स्कूल शिक्षा विभाग और जनजाति कार्य विभाग की आश्रम शालाएं एवं स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन एवं अवकाश नगदी कारण में किया जा रहे घोटाले के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं कर्मचारियों की पत्नी के खाते में वेतन के बाद हर्रई विकासखंड के एक शिक्षक को बी ई ओ प्रकाश कालंबे ओर अध्नस्त के द्वारा अवकाश नगदी कारण की राशि 6 लाख के स्थान पर रू.9 लाख रुपए का बिल बनाकर भुगतान हेतु कोषालय में भेज दिया कोषालय के अधिकारियों ने उक्त धोखाधड़ी को पकड़ते हुए संबंधित बी ई ओ प्रकाश कालंबे की वेतन वृद्धि रोकने और अनुशासआत्मक कार्रवाई करने सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम को पत्र लिखा और उक्त की जा रही गड़बड़ी को प्रकाश में लाया वही मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम ने कार्यवाही करते हुए संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है और बी ई ओ प्रकाश कालंबे पर कार्यवाही के लिए आयुक्त जबलपुर को पत्र लिखा है।

## शिविर में 109 चालक/परिचालकों ने कराया निश्शुल्क आंखों स्वास्थ्य परीक्षण

छिंदवाड़ा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा संबंधी गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि परिवहन आयुक्त म.प्र. के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का मासिक कैलेण्डर तैयार किया गया है। जिसमें कॉलेज एवं स्कूलों में लर्निंग लायसेंस के शिविर, यातायात शिक्षा एवं यातायात के नियमों पर सेमीनार, हेलमेट एवं सीट बेल्ट चैकिंग, गुड सेमेरिटन योजना का प्रचार-प्रसार आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड छिंदवाड़ा में चालक/परिचालकों के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य एवं आंखों की जांच का परीक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें 109 चालक/परिचालकों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया 9 चालकों को निःशुल्क चश्में वितरित किये गये।

# नगर निगम में 19 सौ कर्मचारी हड़ताल पर, लगभग 7 सौ बाकी कहां... ?

## महापौर ने कहा वैरिफिकेशन होगा



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम छिंदवाड़ा के कर्मचारी दो माह का वेतन नही मिलने से कल बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं,ऐसे में आज हड़ताल के दूसरे दिन नगर निगम महापौर विक्रम अहाके हड़ताल पर डटे कर्मचारियों को मनाने पहुंचे लेकिन हड़ताल पर डटे कर्मचारी नही माने और अपनी मांगों को लेकर अभी भी वे हड़ताल पर डटे ही हुए हैं.आज गुरुवार को जब महापौर विक्रम अहाके हड़ताली कर्मचारियों के बीच पहुंचे तो महापौर ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि निगम में लगभग 1900 कर्मचारी काम करते हैं लेकिन आप लोगों ने भी महसूस किया होगा कि जब भी आप लोग कभी भी अपनी मांगों को लेकर आबाज बुलंद करते हैं तो 500-700 कर्मचारी ही मौके पर डटे मिलते हैं अब आप ही बताइए ये समस्या क्या 1900 कर्मचारियों की है या सिर्फ 500-700 की,ज्इस परिस्थिति को देखकर मुझे जरा भी इस बात को कहने में हर्ज़ नही है कि जो कर्मचारी यहां काम कर रहा है वो वेतन का हकदार है,लेकिन जो सिर्फ घर मे बैठा है,यहां काम नही कर रहा है,उसे वेतन नही मिलेगाज्मैं आपकी सारी बातें मानूँगा लेकिन अब हम निगम में कार्यरत कर्मचारियों का वैरिफिकेशन करवाएंगे और जो काम करेगा उसे वेतन मिलेगा और जो काम नही करेगा उसे बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा..कर्मचारियों के वैरिफिकेशन के लिए जल्द ही एक कमेटी बनाकर उसे निर्देशित किया जाएगा क्योंकि अब ऐसा बिल्कुल नही चलेगा कि किसी का नाम है और वो घर पर बैठा है,काम नही कर रहा है तो उसे वेतन नही मिलेगा। अब देखना है कि महापौर के ऐलान के बाद आखिर कब तक निगम में कार्यरत कर्मचारियों के वैरिफिकेशन के लिए कमेटी बन पाती है और घर बैठे निगम के मेहमान बन कई सालों से सैलरी प्राप्त कर रहे कितने चेहरों को बाहर का रास्ता दिखाया जाता है।

## नक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया विशेष यातायात अभियान



छिंदवाड़ा। यातायात सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डे के मार्ग दर्शन, दिशा निर्देश के क्रम में उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे यातायात छिंदवाड़ा के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक राकेश तिवारी थाना प्रभारी थाना यातायात छिन्दवाड़ा द्वारा छिंदवाड़ा पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहो पर विशेष यातायात अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात के नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था । शहर के मुख्य चौराहा मानसरोवर बस स्टैंड में यातायात सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया जिसमें आम जनता को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। जिसमे दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते हुए सीटबेल्ट धारण करने हेतु प्रेरित किया व यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने यह भी घोषणा की है कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सके।

## सांसद खेल महाकुंभ का रंगारंग शुभारंभ 11 को

**छिंदवाड़ा।** सांसद के संरक्षण में सांसद खेल महाकुंभ के तहत आयोजित किये जाने वाले 32 खेलों का रंगारंग उद्घाटन समारोह 11 जनवरी को दोपहर 2 से स्टेडियम मैदान में किया जाएगा। इस संदर्भ में आज स्थानीय पूजा लॉज के हाल में प्रातः 11 बजे ओलंपिक ओलंपिक संघ में बने कंट्रोल रूम में संयोजक नितिन खंडेलवाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के खेल प्रभारी शिक्षकों की बैठक लेकर आयोजन को विधि व संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर अंतिम रूप दिया गया।सांसद खेल महाकुंभ के तहत विद्यालय स्तर पर कक्षा 1 से 5, 6 से 7 तथा 9 से 12 तक के समस्त विद्यालयों में खेलकूद प्रतियोगिताओं का संचालन की तिथि को बढ़ाकर 16 जनवरी तक कर दिया गया है जो की विद्यालय स्तर तक सीमित होगा । इसके पश्चात विभिन्न खेल 12 जनवरी से 19 जनवरी के मध्य 32 खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का संचालन किया जाएगा 12 जनवरी से आरंभ होने वाले खेलों हेतु खिलाड़ियों को आवश्यक रूप से पंजीयन फॉर्म भरना होगा जिसकी अंतिम तिथि 10 जनवरी कर दी गई है । खेल महाकुंभ के अंतर्गत फुटबॉल, क्रिकेट टेनिस बॉल,कबड्डी, वालीबाल, कैरम ,बास्केटबॉल ,शतरंज ,हॉकी, खो खो ,बैडमिंटन, पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग ,बॉडी बिल्डिंग, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, साइकिलिंग ,कराते, एथलेटिक्स, कुश्ती, हैंडबॉल, योगासन, तीरंदाजी, बुशु,स्केटिंग, रस्साकसी, जुजुत्सु रोप स्किपिंग, नेटबॉल, पतंग, शूटिंग ,मैराथन और दिव्यांग खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## जिले में हो रही स्ट्रॉबेरी खेती का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



छिन्दवाड़ा। जिले के मोहखेड़ ब्लॉक के ग्राम भुताई में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंहने किसान कैलाश पवार की स्ट्रॉबेरी की खेती का निरीक्षण किया। जिले में पहली बार हो रही इस अनूठी खेती को देखते हुए कलेक्टर सिंह ने इसे अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित करने और इससे किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की। किसान कैलाश पवार ने अपनी 5-6 एकड़ जमीन पर 1,30,000 स्ट्रॉबेरी पौधे लगाए हैं, जिनकी फसल 70 दिनों के भीतर तैयार हो जाती है। मार्च के अंत तक तुड़ाई का काम चलता है और फसल को जबलपुर, नागपुर, इंदौर और भोपाल जैसे बड़े शहरों में आपूर्ति किया जाता है। पहले उनकी जमीन पथरीली होने के कारण टर्नओवर 80 लाख रुपये तक सीमित था, जिसमें से शुद्ध लाभ 30 लाख रुपये होता था। लेकिन अब स्ट्रॉबेरी और सब्जियों के उत्पादन से उनका टर्नओवर 2 से 2.5 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और उन्हें 1 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो रहा है।

## सहकारी बैंक के वार्षिक केलेण्डर का विमोचन

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छिन्दवाड़ा के प्रशासक श्री शीलेन्द्र सिंह ने गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छिन्दवाड़ा की विभिन्न योजनाओं पर आधारित वार्षिक केलेण्डर 2025 का विमोचन किया। इस दौरान बैंक के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभय कुमार जैन, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार सहित सहायक संचालक मत्स्य विभाग, जिला आपूर्ति अधिकारी, प्रबंधक दुग्ध डेयरी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छिन्दवाड़ा की जिले में 26 शाखाऐं और 146 प्रा.कृषि साख सहकारी समितियां कार्यरत है जो जिले भर में कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में भी कार्य कर रही है। विमोचन के दौरान कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने प्रबंधक दुग्ध डेयरी एवं सहायक संचालक मत्स्य विभाग को सभी समितियों के खाते जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा में खोले जाने के निर्देश दिये।



## एफडीडीआई में उपलब्ध आधुनिक तकनीकों और उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे की कलेक्टर ने की सराहना

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज एफडीडीआई ( फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट) छिंदवाड़ा का दौरा किया। उन्होंने संस्थान में स्थापित अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और विनिर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया, जिनमें फुटवियर लैब, 3डी प्रिंटिंग यूनिट, और स्पोर्ट्स शू प्लांट शामिल हैं। इस दौरे का उद्देश्य संस्थान की तकनीकी क्षमताओं और छात्रों के प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संसाधनों को समझना था। **फुटवियर लैब**- कलेक्टर श्री सिंह ने फुटवियर लैब का निरीक्षण किया, जहां छात्रों को डिजाइनिंग से लेकर तैयार फुटवियर के निर्माण की विस्तृत प्रक्रिया सिखाई जाती है। उन्होंने उच्च तकनीक वाली मशीनरी और डिजाइन सॉफ्टवेयर की सराहना की, जो छात्रों को व्यावसायिक कौशल विकसित करने में मदद करते हैं। **स्पोर्ट्स शू प्लांट**- स्पोर्ट्स शू प्लांट में कलेक्टर श्री सिंह ने उच्च गुणवत्ता वाले खेल जूतों के निर्माण की प्रक्रिया को देखा। इस प्लांट में उन्नत विनिर्माण तकनीकों का उपयोग कर विभिन्न खेलों के लिए उपयुक्त फुटवियर तैयार किया जाता है। उन्होंने प्लांट की दक्षता और गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं की प्रशंसा की। **डिजाइन प्रोजेक्ट्स की प्रस्तुति**- फुटवियर प्रौद्योगिकी विभाग के संकाय सदस्यों और छात्रों ने कलेक्टर श्री सिंह के समक्ष अपने डिजाइन प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए।

## गुबरेल में जनकल्याण शिविर

छिंदवाड़ा। सवारी बाजार ग्राम पंचायत गुबरेल में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें तहसीलदार साक्षी शुक्ला एवं जिला पंचायत सदस्य मदन साहू ग्राम के सरपंच रामदास डिगरसे उप सरपंच ललिता राजेश कोढले सचिव राजेंद्र मालवी रोजगार सहायक नंदकिशोर साहू एवं ग्राम के लोग उपस्थित थे ग्रामवासी ने अपनी समस्या के माध्यम से आवेदन दिए जिसमें कल 35 आवेदन ग्राम पंचायत में आए जिसमें सभी विभागों के द्वारा मिलकर इसका



निराकरण किया जाएगा वही ग्राम पंचायत सांवरी बाजार में जनकल्याण का शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दुर्गा संतोष साहू सचिव फागे लाल नायक रोजगार सहायक चेतना पटवारी ने समस्त विभागों को उपस्थित हो समस्या सुनकर निराकरण करने को कहा ।

## बच्चों ने वन-वन्यप्राणियों की सुरक्षा और संतुलन के बारे में सीखा पाठ



**अमरवाड़ा।** पूर्व वन मंडल अमरवाड़ा अंतर्गत आयोजित अनुभूति कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्राओं को वन भ्रमण कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश स्तर पर वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत अमरवाड़ा वन विभाग द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय और शासकीय कन्या उमावि स्कूल की लगभग 120 छात्राओं को भुमका घाटी पर वनों का भ्रमण कराया गया। इसके साथ ही वनों के महत्व,जंगली जीव जंतुओं के महत्व,वनों के संरक्षण,पर्यावरण में संतुलन और इनकी महत्वता के बारे में बच्चों को विशेष तौर पर जानकारी दी गई। वनों से होने वाले लाभ और जीवन में वनों की महत्वता के बारे में भी छात्राओं को समझाइश दी गई। इसी बीच विशेष व्यवस्थाओं के साथ छात्राओं के बीच प्रतियोगिता आयोजित करा कर प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी,नपा अध्यक्ष प्रीति तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र जैन, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा,शैलेंद्र पटेल,चंपालाल कुर्चे,संतु साहू,शैलेंद्र जैन,राजू उईके,मास्टर ट्रेनर के रूप में गोस्वामी जी,पत्रकार सलीम खान सहित समस्त पत्रकारगण,उप वन मंडल अधिकारी सिद्धार्थ दीपांकर,परिक्षेत्र अधिकारी रामानंद कस्तवार,उप वन परीक्षेत्र अधिकारी महावीर शंखवार,पूनाराम कहार, पीएस सिंगोतिया,दुर्गा पंद्रम,उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक गजेंद्र सिसोदिया,कुंज बिहारी वर्मा सहित स्कूली स्टाफ,समस्त वन परिक्षेत्र स्टाफ सहित कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शपथ ली गई कि हम सभी वनों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा करेंगे उनको हानि नहीं पहुंचाएंगे। वही सभी छात्र-छात्राओं के लिए भोजन की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। इस दौरान सभी मुख्य अतिथियों को पौधे भी भेंट किए गए।

## सांसद ने तत्काल दस हजार की नगद राशि पीड़िता तक पहुंचाई

**परासिया।** विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका वार्ड नंबर 12 में दिन बुधवार को एक घर में अचानक आग लग गई उस घर में छाया आम्रवंशी नाम की एक लड़की जो ऑनलाइन की दुकान पर काम करती है एवं पेंचवेली कॉलेज में नियमित छात्रा है वह किराए के मकान पर रहती थी बुधवार को सुबह लगभग 11 बजे छाया जब नहाने के लिए गई तब अचानक उसके घर में आग लग गई तो जैसे ही इस घटना की जानकारी वार्ड वासियों के द्वारा दी। लोक निर्माण विभाग के सभापति पवन सूर्यवंशी को मिली उन्होंने तत्काल नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय के साथ नगर पालिका की फायर बिग्रेड बुलाकर स्थानीय व्यक्तियों के साथ आग बुझाई गई लेकिन तब तक छाया के घर में रखा सारा गृहस्ती का सामान जल कर राख हो गया एवं जरूरी दस्तावेज भी आग में जल गए इस बात की जानकारी जैसे ही जिले के सांसद विवेक बंटी साहू जी को लगी उन्होंने घटना की गंभीरता को समझते हुए तत्काल पीड़िता को मदद पहुंचाने के लिए रू.10 हजार की नगद राशि पीड़िता तक पहुंचाई राशि देने के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिले के महामंत्री परमजीत सिंह विज नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी सभापति पवन सूर्यवंशी सभापति आशीष जायसवाल सभापति सुषमा चौरसिया बूथ अध्यक्ष राजेंद्र रहवानी उपस्थित रहे और पीड़िता को आश्वाशन दिया कि ओर भी संभव मदद समाज से ओर जनप्रतिनिधियों के द्वारा हो सकेगी हर संभव मदद करेंगे।

## रामनारायण व अरूण कुमार को मिली जिम्मेदारी

छिन्दवाड़ा। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ जी के निर्देशानुसार छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग में नव नियुक्तियां की गई है। संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी सौंपी साथ ही यह अपेक्षा की है कि वे कांग्रेस की रीति नीति व प्रदेश कांग्रेस संगठन की मंशानुरूप कार्य करते हुए कांग्रेस आदिवासी विभाग को और अधिक मजबूती प्रदान करने में अपना सम्पूर्ण योगदान देंगे। मप्र आदिवासी कांग्रेस विभाग प्रदेश अध्यक्ष श्री रामू टेकाम के द्वारा छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी व पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके सहित दोनों ही जिले के वरिष्ठ कांग्रेस जनप्रतिनिधियों से चर्चा के उपरांत छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग में नई नियुक्तियां की गई है। कांग्रेस आदिवासी विभाग छिन्दवाड़ा जिलाध्यक्ष पद पर रामनारायण परतेती एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग जिलाध्यक्ष पद पर अरूण कुमार धुर्वे मनोनीत किए गए हैं। छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग में अशोक कुमार उइके एवं शिवकुमार सिरसाम को कार्यकारी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मध्यप्रदेश गौरव अवार्ड 2025 सम्मान समारोह

## सांध्य प्रकाश के सहेश मर्सकोले को मध्य प्रदेश गौरव पुरस्कार से सम्मानित



परासिया। भोपाल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र के द्वारा मध्य प्रदेश गौरव अवार्ड 2025 सम्मान समारोह कार्यक्रम राज भवन संग्रहालय श्यामला हिल्स में भव्य पूर्ण तरीके से आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष अग्रवाल प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र गोस्वामी भागवताचार्य रामबरन शास्त्री परम पूज्य पूजनीय गुरुदेव रमाकांत दुबे सत्येंद्र भदोरिया मंच पर आसीन रहे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रजलन के साथ शुभारंभ किया गया साथ ही अतिथियों के स्वागत बंधन किया गया कार्यक्रम के मध्य में पत्रकार हितों को लेकर विशेष मुद्दों पर चर्चा भी की गई और पत्रकारों को होने वाली समस्याओं से कैसे निपटा जाए इसके बारे में विचार विमर्श किया गया मंच से प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल के द्वारा कहा गया आज मैं देने की केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र के मध्य प्रदेश गौरव अवॉर्ड समारोह में सम्मिलित हो रहा हूं यह मेरे लिए बहुत ही विशेष हर्ष का विषय है क्योंकि जिस संस्थान का नाम ही केसरिया हिंदुस्तान नाम में ही जुड़ा हो उनका भाव क्या होगा आप समझ स्कते हैं उसकी बात ही कुछ अलग होगी भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश आगे बढ़ रहे हैं विश्व पटेल पर भारत का नाम रोशन हो रहा है भारत के लोकतांत्रिक क्रम में देश का चौथा स्तंभ पत्रकार है पत्रकार साथियों के लिए हम हमेशा एक होकर कार्य करेंगे और करते रहेंगे पत्रकार एक ऐसी शख्सियत है जो बिना रुके बिना थके 24 घंटे कार्य करता रहता है उन्होंने अपने द्वारा आश्वासन भी दिलाया गया कि पत्रकारों की जो भी समस्याएं होंगी बह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के समक्ष रखकर उनको जल्द से जल्द निराकरण करेंगे। दैनिक केसरिया हिंदुस्तान के समूह संपादक रविंद्र सिंह पवैया के नेतृत्व में जो सम्मान समारोह आयोजन किया गया वह बहुत ही सराहनीय एवं गौरवान्वित करने वाला रहा। इसी बीच दैनिक केसरीया हिंदुस्तान समाचार पत्र के समूह संपादक रविंद्र सिंह पवैया एवं मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल द्वारा मंच के सभी पत्रकारों को संबोधित कर कार्यक्रम में पधारे, जिले के पत्रकारों को सम्मानित करते हुए जिला छिंदवाड़ा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार ब्यूरो चीफ धनंजय वडसमुद्रकर जोशी और प्रभांष वडसमुद्रकर जोशी तथा विधानसभा क्षेत्र से दैनिक सांध्य प्रकाश परासिया संवाददाता सहेश मर्सकोले को मध्य प्रदेश गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं कई जिलों के पत्रकार साथियों को पत्रकारिता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए मध्य प्रदेश गौरव पुरस्कार से मुख्य अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया ।

## सतपुड़ा लॉ कॉलेज शिविर में 172 लायसेंस बनाये गये

### स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की भी दिलाई गई शपथ




**छिन्दवाड़ा।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा संबंधी गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि परिवहन आयुक्त म.प्र. के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का मासिक कैलेण्डर तैयार किया गया है। जिसमें कॉलेज एवं स्कूलों में लर्निंग लायसेंस के शिविर, यातायात शिक्षा एवं यातायात के नियमों पर सेमीनार, हेलमेट एवं सीट बेल्ट चैकिंग, गुड सेमेरिटन योजना का प्रचार-प्रसार आदि गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इसी परिप्रेक्ष्य में आज सतपुड़ा लॉ कॉलेज छिंदवाड़ा में लर्निंग लायसेंस का शिविर आयोजित किया गया जिसमें 172 लायसेंस बनाये गये तथा एक्सीलेंस स्कूल छिंदवाड़ा में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता के लिये सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

मध्यप्रदेश शासन



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

# देश का दिल लिख रहा **विकास का नया अध्याय**



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

— अनंत संभावनाएँ —

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

**24 25 फरवरी 2025, भोपाल**

### समिट की रूपरेखा

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से शुभारंभ**

- सेक्टोरल समिट
- थीमेटिक सेमिनार
- एग्जीबिशन एंड एक्सपो
- प्रवासी मध्यप्रदेश

**पंजीकरण करने के लिए स्कैन करें।**
www.investmp.in

D-11149/24

